वर्ष- 22 अंक - 69 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शुक्रवार 21 अगस्त 2026

## अस्पताल से फिर जेल पहुंचे इमरान खान



**इस्लामाबाद.एजेंसी।** पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री और पीटीआई प्रमुख इमरान खान को इस्लामाबाद के शिफा इंटरनेशनल अस्पताल से वापस अदियाला जेल भेज दिया गया है। उन्हें बेहद सख्त सुरक्षा के बीच जेल लाया गया और उनकी सेल में शिफ्ट कर दिया गया है। इमरान खान को आधी रात के आसपास मेडिकल चेकअप के लिए अदियाला जेल से शिफा अस्पताल ले जाया गया था। संघीय मंत्री तारिक फजल चौधरी ने इशारा किया है कि इमरान खान को विदेश भेजे जाने की संभावना पर भी विचार किया जा सकता है।

## कॉकरोचों को पीटा

**जयपुर.एजेंसी।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के बगरू के रामपुरा-कंवरपुरा गांव में सरकारी स्कूल की व्यवस्थाओं को लेकर पहुंचे कॉकरोच जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को ग्रामीणों ने पीटकर खदेड़ दिया। इसके बाद ग्रामीण सीजेपी के खिलाफ धरने पर बैठ गए।







# मकान डूबा, घर में कैद हुआ विधायक का परिवार

### नर्मदा व मंदाकिनी नदी खतरे के निशान से ऊपर पहुंची

**शुक्रवार ● एजेंसी**

मध्यप्रदेश के कई इलाकों में भारी बारिश के कारण बाढ़ के हालात बने हुए हैं। रीवा में 15 घंटे की लगातार बारिश के बाद शहर में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। बीहर नदी के तट से कुछ दूरी पर स्थित गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह का घर भी पानी से घिर गया और परिवार घर में कैद हो गया। मप्र में नर्मदा और मंदाकिनी नदी खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गई। मैहर व डिंडौरी में भारी बारिश के कारण स्कूलों की छुट्टी घोषित करना पड़ी। मध्य प्रदेश के पूर्वी हिस्से में एक्टिव स्ट्रॉन्ग सिस्टम से डिंडौरी, पन्ना, रीवा, सतना, छतरपुर समेत कई जिलों में बाढ़ के हालात हैं। विंध्य के 6 जिलों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। 100 से ज्यादा मकानों-दुकानों में पानी घुस गया। रीवा के कई इलाकों में सड़कों पर 2-3 फीट तक पानी जमा हो गया।

## असम-मेघालय बॉर्डर पर जाम, फंसे पर्यटक और वाहन

**जोराबाट ● एजेंसी**

असम और मेघालय बॉर्डर पर स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई, जब गुवाहाटी के टैक्सी चालकों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-27 को जाम कर दिया और मेघालय नंबर की गाड़ियों को घुसने से रोक दिया। चालकों का आरोप है कि शिलॉन्ग में खासी स्टूडेंट्स यूनियन (केएसयू) की रैली के दौरान असम के लोगों और वाहनों पर हिंसक हमले किए गए, जिसके विरोध में यह प्रदर्शन शुरू हुआ। उधर मेघालय के परिवहन संगठनों ने भी असम नंबर के वाहनों की एंट्री पर रोक लगा दी जिससे बॉर्डर पर बड़ी तादाद में वाहन और पर्यटक फंस गए।



## गिरी क्रेन, 5 मकान क्षतिग्रस्त

**मुंबई.एजेंसी।** मुंबई के कुर्ला में डिमोलिशन के दौरान एक क्रेन पास के घरों पर गिर गई। हादसे में 4-5 मकान क्षतिग्रस्त हुए और 9 लोग घायल हो गए। 2 घायलों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## आमने-सामने आ गई 2 ट्रेनें

शुक्रवार.एजेंसी। ओडिशा में स्थित खुर्दा रोड जंक्शन के पास का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। क्लिप में दो ट्रेनें एक ही ट्रैक पर आमने-सामने खड़ी नजर आ रही है।

## थरूर ने नए संसद भवन को बताया 'बेजान कॉन्फ्रेंस सेंटर'

**नई दिल्ली.एजेंसी।** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने नए संसद भवन को 'बेजान कॉन्फ्रेंस सेंटर' बताते हुए कहा कि इसमें पुराने भवन जैसा अपनापन और अनौपचारिक बातचीत का माहौल नहीं है। जबकि पुराने संसद भवन में अपनापन दिखता था।

## 16.20 करोड़ में बिकी गांधीजी की डायरी

**शुक्रवार.एजेंसी।** महात्मा गांधी के हाथ से लिखे गए रोजाना के विचार, जो उन्होंने अपने करीबी साथी आनंद टी. हिंगोरानी के लिए लिखे थे, सैफ्रनआर्ट की नीलामी में 16.20 करोड़ रुपये में बिके। यह किसी भी भारतीय ऐतिहासिक दस्तावेज के लिए नीलामी में अब तक की सबसे बड़ी कीमत है। यह संग्रह 'ए थॉट फॉर द डे' नाम की किताब में संकलित 688 विचारों का है, जो गांधीजी ने 23 महीनों तक लगभग रोज लिखे थे। इसमें सच्चाई, आत्मसंयम और अहिंसा से जुड़े उनके निजी विचार शामिल हैं।

## पेट्रोल की बोतल लेकर टंकी पर चढ़ा छात्र



**शिवपुरी. एजेंसी।** शिवपुरी जिले के पिछोर में एक छात्र अपनी 22 दिवसीय जागरूकता यात्रा की अनुमति की मांग को लेकर पानी की टंकी पर चढ़ गया। मनपुरा निवासी दिनेश सगर गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे एसडीएम कार्यालय के सामने स्थित पानी की टंकी पर पहुंचा। वह रातभर टंकी पर रहा और आज सुबह तक वह टंकी पर ही चढ़ा रहा। उसके हाथ में पेट्रोल की बोतल है। उसे नीचे उतारने के प्रयास जारी है।



## ट्रेन को मंच बनाकर तोमर ने की सभा

**मुरैना (सिटी ब्लास्ट)।** मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्रसिंह तोमर ने ट्रेन को ही मंच बना लिया और फिर माइक थामकर प्लेटफॉर्म पर ही सभा कर ली। तोमर ने मुरैना के कैलारस से वीरपुर के बीच दो दिन पहले ही शुरू हुई मेमो ट्रेन में आम लोगों के साथ सफर किया। इस दौरान कुछ स्टेशनों पर ट्रेन के रुकने पर उन्होंने ट्रेन में ही खड़े होकर प्लेटफॉर्म पर खड़े लोगों को संबोधित किया। कार्यकर्ताओं ने स्पीकर और माइक की व्यवस्था भी कर रखी थी।

## न्यूज ब्रीफ...

### अमेरिका में एक और भारतीय वांटेड घोषित



**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिका की फेडरल जांच एजेंसी एफबीआई ने भारतीय नागरिक कमल को वांटेड घोषित किया है। उस पर लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े एक संगठित अपराध नेटवर्क के जरिए जबरन वसूली की साजिश में शामिल होने का आरोप है। कमल के खिलाफ कैलिफोर्निया की अदालत से गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया जा चुका है।

### सांसद के बेटे ने कार से कुचला, युवती की मौत

**हैदराबाद.एजेंसी।** हैदराबाद में तेज रफ्तार एस्टन मार्टिन कार की टक्कर से 26 साल की युवती की मौत हो गई। इस कार को राज्यसभा सांसद लिंगमनेनी रमेश का 21 साल का बेटे चला रहा था।

### 8 लोगों को ले जा रहा चार्टर प्लेन क्रैश

**अलास्का.एजेंसी।** अमेरिका के अलास्का में एक चार्टर प्लेन हादसे का शिकार हो गया है। इस विमान में दो पायलट और छह यात्रियों समेत कुल आठ लोग सवार थे। विमान में सवार लोगों की स्थिति के बारे में फिलहाल कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है।

### पेरू में भूकंप के झटके

**पेरू.एजेंसी।** पेरू के दक्षिणी एंडीज में 6.7 तीव्रता का भूकंप आया। कई इलाकों में झटके महसूस हुए। फिलहाल नुकसान या जनहानि की खबर नहीं है, जबकि सुनामी का खतरा भी नहीं बताया गया है।

### 20 हजार में बेच डाली गर्लफ्रेंड

**बांदा.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बांदा में मानव तस्करी का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। एक युवक छत्तीसगढ़ में मजदूरी के दौरान एक महिला के संपर्क में आया और दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए। युवक महिला को अपने गांव ले आया, जहां उसकी पत्नी ने विरोध कर दिया। इसके बाद युवक ने अपनी प्रेमिका को 20 हजार रुपये में एक दोस्त के हाथ बेच दिया।

### घर पर फेंका बम

**अमृतसर.एजेंसी।** पंजाब में अमृतसर के जट्टा गांव में बीती रात एक घर पर ग्रेनेड अटैक की खबर है। इस हमले में परिवार के दो सदस्य घायल हो गए हैं। कुछ अज्ञात बदमाश बाइक से आए और घर पर ग्रेनेड फेंक कर फरार हो गए।

### बच्चे के पेट के आर-पार हुई लाठी

**कानपुर.एजेंसी।** कन्नौज में गुल्ली-डंडा खेलते समय 10वीं का छात्र जमीन में गड़ी लाठी पर जा गिरा। करीब 5 फीट लंबी लाठी का 3 फीट हिस्सा छात्र के पेट में घुसकर कंधे की तरफ फंस गया। गंभीर हालत में छात्र को कानपुर लाया गया, जहां सीनियर सर्जन डॉ. बृजेश यादव और उनकी टीम ने करीब 4 घंटे तक चले जटिल ऑपरेशन के बाद लाठी को बाहर निकालकर छात्र की जान बचा ली।

# सपा के प्रदेश अध्यक्ष से की नगर अध्यक्ष ने मुलाकात

## निकाय चुनाव को लेकर हुई चर्चा नगर कार्यकारिणी पर भी बात

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



समाजवादी पार्टी की निगाह अगले साल जुलाई में होने वाले निकाय चुनाव पर लगी है और इसकी तैयारियां प्रदेश समाजवादी पार्टी ने शुरू कर सभी जिला और शहर अध्यक्षों को बुलाकर संगठन स्तर पर बातचीत शुरू कर दी है। समाजवादी पार्टी इंदौर महानगर अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने भोपाल पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात की और निकाय चुनाव को लेकर अहम चर्चा हुई। इंदौर अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने नगर पदाधिकारी और कार्यकारिणी की सूची भी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव को सौंपी। प्रदेश अध्यक्ष ने शहर अध्यक्ष को कहा कि संगठन का विस्तार बूथ स्तर तक किया जाए और आम मतदाता तक पार्टी की विचारधारा पहुंचाई जाए। केंद्र और प्रदेश सरकार की गलत नीतियों की जानकारी भी जनता को दी जाए और वार्ड तर पर विरोध प्रदर्शन भी किए जाए। इंदौर महानगर की कार्यकारिणी के नामों की सूची भी तैयार थी जो प्रदेश अध्यक्ष को सौंपी गई। अब स्वीकृति का इंतजार है। खास तौर से चर्चा आगामी निकाय चुनाव को लेकर हुई। समाजवादी पार्टी की गतिविधि को कैसे प्रभावी बनाया जाए। नए कार्यकर्ताओं को संगठन से कैसे जोडा जाए इस पर भी चर्चा हुई। डॉ. मनोज यादव से चर्चा के दौरान इंदौर सपा अध्यक्ष राजेंद्र यादव दद्दू, लालू यादव, धीरज दुबे, अमन यादव, गोपाल यादव सहित अन्य मौजूद थे।



# बाहर से आई कांग्रेस नेत्री का कराया दौरा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

बैरवा समाज से जुड़ी कांग्रेस नेत्री किरण अहिरवार टीकमगढ़ से इंदौर आई तो उनका स्वागत भी हुआ और उन्हें श्रम शिविर भी ले जाया गया। वहीं स्वदेशी मिल की झांकियों के निर्माण की शुरुआत भी दिखाई। उनके साथ कांग्रेस नेता नवीन साहू, श्रीपद यादव, रामकिशोर अहिरवार भी आए तो उनका भी स्वागत किया गया। कांग्रेस नेता राहुल निहोरे के अलावा आनंद मरमट, मीना श्रीवास्तव, प्रहलाद वर्मा और ललित शर्मा सहित कई अन्य भी मौजूद रहे। श्रम शिविर में स्वागत श्यामसुंदर यादव ने किया। मिल अवलोकन के दौरान कन्हैयालाल मरमट, चंपालाल वर्मा एवं गेंदालाल ने मेहमानों का स्वागत कर झांकी निर्माण की जानकारी दी।

# विधायक को बताई सरपंच ने अपनी कार्यगति



इंदौर सिटी ब्लास्ट। देपालपुर विधानसभा के गांधी नगर सुपर कॉरिडोर क्षेत्र से लगी जम्बूडी हप्सी क्षेत्र के सरपंच राधेश्याम मायणा ने अपने क्षेत्र के विधायक मनोज पटेल से मुलाकात की और उन्हें सरपंच क्षेत्र में हो रहे और किए जाने वाले कार्य की जानकारी दी। शौचालय, ड्रेनेज लाइन कार्य की जानकारी दी और विधायक निधि से हो रहे सामुदायिक भवन निर्माण की भी जानकारी दी गई। यह भी बताया कि विधायक द्वारा जो सामुदायिक भवन का निर्माण पूर्व में शुरू हुआ था वह करीब करीब बन चुका है और दो भवन निर्माणाधीन है। आगामी दिनों होने वाले पौधारोपण कार्यक्रम जानकारी भी सरपंच ने विधायक को दी। विधायक ने सरपंच की कार्य गति की तारीफ भी की।

# मंत्री को महापौर ने समझाया सिस्टम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



मंत्री दिलीप घोष ने कल इंदौर पहुंचकर नगर निगम के स्वच्छता सिस्टम को पूरी तरह समझने की जुगत की। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के साथ इंदौर के स्वच्छता रोल मॉडल के पूरे सिस्टम को समझने की कोशिश की। घोष टीम के साथ पहुंचे,कंट्रोल रूम से कचरा प्रोसेसिंग तक पूरा सिस्टम समझा। बंगाल के मंत्री घोष के साथ आई निकाय की टीम ने कंट्रोल रूम, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, कचरा सेग्रीगेशन, कलेक्शन और प्रोसेसिंग सिस्टम को करीब से समझा। मंत्री घोष ने कहा कि इंदौर का मॉडल अब पश्चिम बंगाल भी अपनाने की तैयारी में है। मंत्री और टीम ने कंट्रोल रूम के बाद फील्ड और प्रोसेसिंग प्लांट का भी अवलोकन किया। मंत्री घोष ने स्पष्ट कहा कि स्वच्छता के मामले में पश्चिम बंगाल अभी पीछे है। कुछ व्यवस्थाएं जरूर हैं, लेकिन वे पर्याप्त नहीं हैं।इंदौर कई मायनों में देश के बाकी शहरों से आगे है।इंदौर ने लंबे समय में जो सिस्टम तैयार किया है,उसे समझकर बंगाल में चरणबद्ध तरीके से लागू करने का प्रयास किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने किया दो इकाइयों का शुभारम्भ

## 850 करोड़ के निवेश के बाद युवाओं के लिए रोजगार अवसर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल धार जिले के पीथमपुर में 850 करोड़ रुपये निवेश की 2 अत्याधुनिक विनिर्माण इकाइयों का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन नई औद्योगिक इकाइयों से पीथमपुर ही नहीं आसपास क्षेत्रों के सैकडों युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज से प्रारंभ हुई नई औद्योगिक इकाइयां विकास और समृद्धि की नई धारा को आगे बढ़ाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश के सबसे बड़ी औद्योगिक नगरी पीथमपुर के स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क में 850 करोड़ रुपये निवेश की प्रताप ग्रुप की 2 अत्याधुनिक विनिर्माण इकाइयों कॉर्सिस इंडस्ट्रीज एवं वोल्टर्स टेक्नोलॉजी का शुभारंभ किया। इन इकाइयों से सैकड़ों युवाओं को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे। कार्यक्रम में केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, विधायक नीना वर्मा, देवेन्द्रसिंह शेखावत, मानकुंवर, डॉ. जितेंद्र सिंह शेखावत, मोहन शेखावत, प्रपन्ना भी मौजूद थे।



# भाजपा नेत्री ने कराया धार्मिक आयोजन

## सुन्दरकांड में हुए भजन-कीर्तन भी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** समाजसेवी और भाजपा नेत्री रेणु गौड ने सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया। सुन्दरकांड पाठ के दौरान भजनों की प्रस्तुति भी हुई। अतिथि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय थे। बद्रीप्रसाद वर्मा, विक्रांत ओबेराय, रूपेश पाल, राम भारती सहित अन्य मौजूद थे।

# आप के गड्ढे भरो...आंदोलन से महिलाएं भी जुड़ी

## राजबाडा पर बजाए निगम की नींद खोलने के लिए थाली और तसले

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।




शहर की बदहाल सड़कों और जानलेवा गड्ढों के खिलाफ आम आदमी पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'गड्ढे भरो, जान बचाओ' आंदोलन की शुरुआत देवी अहिल्या माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। सड़कों की बदहाल स्थिति को लेकर आंदोलन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इसके बाद हाल ही में सड़क के गड्ढों के कारण हादसों में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। राजबाडा पर निगम की लापरवाही और सडकों पर गड्ढों के खिलाफ आप के कार्यकर्ताओं ने थालियां और तसले बजाकर नगर निगम प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। प्रदेश संगठन मंत्री अनुराग यादव ने कहा कि 'नगर निगम को जनता के सामने जवाब देना होगा कि गड्ढे भरने के लिए खरीदी गई करोड़ों रुपये की मशीनें कहाँ हैं। अगर मशीनें मौजूद हैं तो उनका इस्तेमाल क्यों नहीं किया जा रहा? शहर की जनता की जान खतरे में है और निगम प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। यादव ने कहा कि निगम टैक्स ले रहा है और गड्ढों पर पेंचवर्क भी नहीं कर रहा है, इन गड्ढों के कारण दुर्घटनाएं घटी जिसमें कुछ लोगों की मौत भी हुई है। इन्दौर में गड्ढों के कारण दुर्घटना से मौत पर 10 लाख का मुआवजा पीड़ित परिवार को मिलना चाहिए। आम आदमी पार्टी अब हर वार्डों के मोहल्लों में जनसमस्याएं उठाएंगी और निगम से थाली और तसले बजाकर जवाब मांगेगी।

# युवा मोर्चा के दोनों इंदौरी अध्यक्ष अभी भी होल्ड पर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

युवा मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने कल 12 युवा मोर्चा जिला अध्यक्षों की घोषणा की। जैसे ही कल सूची जारी हुई वैसे ही इंदौर के युवा मोर्चा दावेदारों से लेकर उनके समर्थकों और नेता कार्यकर्ताओं ने इंदौर नगर और जिलाध्यक्षों के नाम भी इस सूची में खंगाले, लेकिन इन 12 नामों में इंदौर के नगर और जिला अध्यक्षों के नाम नहीं मिले, जबकि समीप के देवास के जिला अध्यक्ष, मंत्री, धार ग्रामीण जिला अध्यक्ष, उज्जैन के जिला अध्यक्ष महामंत्री की घोषणा हो गई। इधर जानकारों का कहना है कि युवा मोर्चे में करीब 1 दर्जन दावेदार हैं और इनमें ज्यादातर की शिकायतों के पुलिंदे कई माह से भोपाल पहुंच रहे हैं। शिकायतें और गुटबाजी इतनी है कि युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष को इंदौर नगर और जिला के नाम तय करने में समय लग रहा है। इन नामों के पहले जब युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष के दौरे तय हुए थे तब भी गुटबाजी के चलते तीन बार निरस्त हुए थे। आखिरकार एक बार श्याम टेलर का प्रवास कम समय के लिए इंदौर हुआ था। इंदौर में 9 ही विधायक भाजपा के हैं और दो सांसद इंदौर में हैं। ऐसे में सभी की पसंद और संगठन की पसंद में गुटबाजी के चलते युवा मोर्चे का एक नाम तय करना प्रदेश को आसान नहीं दिख रहा है। लंबे समय से अध्यक्ष का मामला लटका पड़ा है। अभी पुराने अध्यक्ष और उनकी इकाई काम पर लगे हैं।

**जो दावा ताकत से करता है उसकी शिकायत पुलिंदों के साथ भोपाल पहुंच जाती है, कल भी हुए 12 अध्यक्ष घोषित, इंदौर का नाम ढूंढ़ते रह गए युवा भाजपाई**

## पटवारी बोले-भाजपा में इंजन और डिब्बों की लड़ाई

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में चल रही भाजपा की डबल इंजन वाली ट्रेन यानी सरकार को अपने अंदाज में परिभाषित किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी ट्रेन है जिसमें डिब्बे कहते हैं इंजन हटा दो और इंजन कहता है, डिब्बों को बदल दूंगा। ये लड़ाई चल रही है और इसमें यात्री रूपी जनता परेशान हो रही है। जीतू पटवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के बड़े-बड़े नेता डॉ.मोहन यादव के खिलाफ दिल्ली जाते हैं और इधर डॉ. मोहन यादव रोज कहते हैं कि मैं मंत्रिमंडल बदल दूंगा। भाजपा में डिब्बे और इंजन की लड़ाई चल रही है।

# भाजपा का आज शाम कलश पूजन

## संत शिरोमणी गुरु रविदास महाराज को याद कर 35 मंडलों में भेजे जाएंगे मिट्टी के कलश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भाजपा का राष्ट्र और प्रदेश व्यापी संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की जयंती पर अभियान किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज शाम 5 बजे भाजपा ने बड़ा आयोजन गांधी हॉल में रखा है। गुरु रविदास महाराज को याद कर उनके चित्र पूजन करने के बाद भोपाल से इंदौर पहुंची पवित्र मिट्टी को मिट्टी के कलश में पूजन के लिए रखा जाएगा और पूजन के बाद ये कलश आज 35 मंडलों के सुपुर्द किए जाएंगे। भाजपा के 35 मंडल में यह कलश यात्रा सामूहिक रूप से घूमेगी। आज शाम कार्यक्रम में भाजपा जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, अजा मोर्चा पदाधिकारी की मौजूदगी रहेगी। इसके लिए भूपेंद्रसिंह केसरी, भूपेंद्र चौहान, भरतसिंह खस, बबल वेद, नितेश खांडेकर, सुधीर कोल्हे सहित अन्य को भी जिम्मेदारी दी गई है।

## भाजपा पिछड़ा वर्ग ग्रामीण में नियुक्तियां

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने जिला अध्यक्ष और महामंत्री की नियुक्तियां की हैं। इंदौर ग्रामीण में अध्यक्ष की जिम्मेदारी राऊ परिषद के पूर्व अध्यक्ष शिवनारायण डींगू को दी गई है। उनके साथ दो महामंत्री बनाए गए हैं जिनमें लखन सिसोदिया और सुनील गेहलोत को दायित्व दिए गए हैं।





## कांग्रेसियों ने किया पौधारोपण

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जन्मजयंती पर कांग्रेसियों ने जिला जेल परिसर में पौधारोपण किया। साथ ही वार्ड 52 में भी पौधारोपण का आयोजन हुआ। आयोजन में संतोष यादव, सुदामा चौधरी, विनोद जगताप, छोटू यादव, देवेंद्र चौहान, बबला यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## भाजपा महिला मोर्चा में संभागीय प्रभारी की जिम्मेदारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट अश्विनी परांजपे राजवाड़े ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की स्वीकृति के बाद प्रदेश की सभी संभाग और मुख्यालय में प्रभारियों की नियुक्तियां की हैं। इन नियुक्तियों में इंदौर संभाग के लिए वंदना मांडरे को नियुक्त कर जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं उज्जैन संभाग में चारूलता यादव भी जिम्मेदारी संभालेंगी।

# कांग्रेस का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

## आज रात होटल में ही रुकना होगा, 36 घंटे रहेंगे 250 पदाधिकारी एक साथ





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर और जिला कांग्रेस ने आज संयुक्त रूप से करीब 250 पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण शिविर निर्वाणा होटल में आयोजित किया। आज सुबह करीब एक घंटा रजिस्ट्रेशन और चाय नाश्ता का आयोजन चलता रहा उसके बाद सुबह 11 बजे महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया और प्रशिक्षण सत्र शुरू हुआ। प्रभारी महेंद्र जोशी अलग अलग सत्रों में यह प्रशिक्षण विधानसभा प्रभारी, प्रदेश एवं शहर पदाधिकारी, ब्लॉक मंडलम पदाधिकारी और इंदौर में रहनेवाले प्रदेश की विधानसभाओं के प्रभारियों, प्रवक्ताओं का भी प्रशिक्षण शुरू हुआ। अलग अलग सत्रों में यह प्रशिक्षण होगा। दोपहर को भोजन, शाम को हाईटी, रात को फिर भोजन के बाद रात 9 से 10 सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे और उसके बाद कांग्रेस के प्रशिक्षणार्थियों का विश्राम भी यहीं होगा। कल सुबह से फिर नाश्ते बाद सत्र शुरू होगा जो शाम तक चलेगा। कल दोपहर में खाना और हाईटी भी होगी। कुल मिलाकर कांग्रेसियों को 36 घंटे प्रशिक्षण लेने के लिए होटल में ही रुकना है। कार्यक्रम में चिंटू चौकसे, विपिन वानखेड़े, संजय बाकलीवाल, डॉ. दौलत पटेल, महेंद्र जोशी के अलावा प्रभारी भी मौजूद हैं।

## कांग्रेस नेता की पहल पर हटा सांसद का पोस्टर

इंदौर। इंदौर विमानतल के समीप और एयरपोर्ट थाना के पास थाना सांसद शंकर लालवानी के पोस्टर लगे थे। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव गजेंद्र वर्मा और साथियों ने निगम पर तंज कसते हुए सांसद के पोस्टर पर सवाल उठाया था, जिसे सिटी ब्लास्ट ने प्रमुखता से उठाया था। अब जब निगम की नींद खुली और सांसद का पोस्टर हटा तो कांग्रेस नेता गजेंद्र वर्मा साथियों के साथ दोनों जगह पहुंचे और वहां उन्होंने पोस्टर हटने के बाद खुशी का इजहार किया।





# लसूड़िया परमार में आज जन-विश्वास शिविर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा आज सांवेर विधानसभा के लसूडिया परमार में जन-विश्वास अभियान के अन्तर्गत शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर के लिए अधिकारी कलेक्टर कार्यालय एक ही बस में सवार होकर शिविर स्थल पहुंचे थे। शिविर में बुढ़ी बरलाई, पीरकराड़िया, पुर्वाड़ाहप्पा, पुर्वाडादाई, बरलई जागीर, मकोडिया, मांगलिया सड़क, सुल्लाखेड़ी, रामपिपल्या, ढ़ाबली, डकाच्या, पलासिया, मण्डलावदा, लसूडिया परमार के नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है जो शाम तक चलेगा। समस्याओं का निराकरण मौके पर हो इसकी कोशिश की जा रही है।





## मच्छर जनित रोगों से जागरूकता के लिए प्रदर्शनी

इंदौर। जिला मलेरिया विभाग ने जिला चिकित्सालय परिसर में मच्छर जनित रोगों से जागरूकता के लिए प्रदर्शनी लगाई। अधिकारी डॉ. रश्मि शर्मा दुबे ने बताया मच्छर जनित रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया आदि से आम जन को जागरूक करने के उद्देश्य से ओपीडी परिसर में जागरूकता संबंधी पोस्टर, बैनर आदि लगाए गए हैं। साथ ही हैंड बिल्स भी वितरित किए जा रहे हैं। इस दौरान डॉ. रश्मि शर्मा दुबे, डॉ. रूबी खान डॉ. भूपेंद्रसिंह शेखावत, सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।



# पार्षद के साथ कीचड़ में बैठ गए वार्ड के रहवासी

## निगम के द्वारा समस्या का समाधान नहीं करने पर किया आंदोलन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

इंदौर नगर निगम के द्वारा खस्ताहाल सड़क को सही करने की तरफ ध्यान नहीं दिए जाने के कारण वहां पर मामूली बारिश में ही कीचड़ हो जाता है। इस स्थिति का अनोखे तरीके से विरोध करते हुए क्षेत्र के नागरिक आज अपने पार्षद के साथ इस कीचड़ में धरना देकर बैठ गए।

वैसे तो पूरे शहर में ही सड़कों की हालत खराब है। हर तरफ सड़क गड्ढों से भरी हुई है। नगर निगम इन सड़कों के गड्ढे भरने का काम करने में भी अब तक पूरी तरह से नाकाम रहा है। निगम के द्वारा सड़कों को सही नहीं किए जाने के कारण नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जब भी थोड़ा सा भी पानी आ जाता है तो यह गड्ढे वाली सड़क कीचड़ वाली सड़क के रूप में तब्दील हो जाती है। ऐसी सड़कों की स्थिति को सुधारने के लिए नागरिकों के द्वारा लगातार शिकायत की जाती है पार्षदों के द्वारा आवाज उठाई जाती है लेकिन उसका कहीं कोई परिणाम निकलकर सामने नहीं आता है।



कुछ ऐसी ही स्थिति नगर निगम के वार्ड क्रमांक 75 में बनी हुई है। यहां पर सड़क की हालत खराब है जिसके कारण कीचड़ हो गया है। इस स्थिति में आज इस क्षेत्र के पार्षद कुणाल सोलंकी अपने वार्ड के नागरिकों के साथ कीचड़ में ही धरना देकर बैठ गए। उनका कहना था कि नगर निगम को 25 बार इस समस्या के समाधान के लिए शिकायत की जा चुकी है लेकिन अब तक निगम के अधिकारी कोई काम करने के लिए तैयार नहीं है। ऐसी स्थिति में अब विरोध प्रदर्शन का अनोखा तरीका अपनाते हुए आज क्षेत्र के नागरिक और पार्षद सभी कीचड़ में जाकर बैठ गए और नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए इस समस्या के समाधान के लिए आवाज उठाते नजर आए।

# 4 लाख रुपये से भरा बैग पुलिस ने लौटाया सीसीटीवी

### फुटेज खंगालकर सुलझाया मामला, सोना खरीदने निकले व्यापारी का रास्ते में गिरा था बैग

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। एमजी रोड थाना पुलिस ने तत्परता और सतर्कता का परिचय देते हुए एक नागरिक का गुम हुआ नकदी से भरा बैग ढूंढ निकाला है। बैग में रखे पूरे 4 लाख रुपये सुरक्षित पाकर फरियादी ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया है।

पुलिस के अनुसार फरियादी ध्रुव पालीवाल 4 लाख रुपये नकद बैग में रखकर सोना खरीदने के लिए निकले थे। रास्ते में बाइक से जाते समय उनका बैग कहीं गिर गया। बैग गायब होने की बात ध्यान में आते ही उन्होंने तुरंत एमजी रोड थाने पहुंचकर मामले की सूचना दी।मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत फरियादी के आने-जाने वाले पूरे रास्ते के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू किया। तकनीकी जांच की मदद से पुलिस टीम ने जल्द ही बैग की सटीक लोकेशन का पता लगाकर उसे सकुशल बरामद कर लिया। बरामदगी के बाद फरियादी ध्रुव पालीवाल को थाने बुलाकर पूरे 4 लाख रुपये से भरा बैग उनके सुपुर्द कर दिया गया। कम समय में बैग वापस मिलने पर पीड़ित ने एमजी रोड पुलिस की कार्यशैली की सराहना की।

# प्राइवेट सेक्टर के माध्यम से नगर निगम बनाएगा 4 फुट ओवर ब्रिज

### काम करने के इच्छुक खिलाड़ियों से निगम ने मंगाए प्रस्ताव

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंदौर नगर निगम के द्वारा शहर में प्राइवेट सेक्टर के माध्यम से चार स्थानों पर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए निगम के द्वारा काम करने की इच्छुक लोगों से उनके प्रस्ताव बुलवाए गए हैं।

वैसे तो इंदौर नगर निगम पिछले कई सालों से शहर में जरूरी स्थान पर फुट ओर ब्रिज का निर्माण करने की कोशिश करता रहा है। इस कोशिश के बावजूद अब तक नगर निगम कहीं भी सफल नहीं हो सका है। पिछले 4 साल से जब से पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व वाली नगर निगम की परिषद बनी है तब से फुट ओवरब्रिज बनाने के प्रस्ताव कम से कम पांच बार बन चुके हैं लेकिन एक बार के भी प्रस्ताव पर क्रियान्वयन नहीं किया जा सका। अब एक बार फिर नगर निगम के द्वारा शहर में फोटो और ब्रिज का निर्माण निजी क्षेत्र की सहभागिता से करने का प्रस्ताव तैयार कर उसे मंजूरी दी गई है। इस बार इस प्रस्ताव को क्रियान्वयन के रास्ते पर आगे भी बढ़ा दिया गया है।

नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि यह फुट ओवर ब्रिज निजी क्षेत्र की सहभागिता से बनाए जाएंगे। इसके लिए निगम के द्वारा जो फार्मूला तय किया गया है उसके अनुसार निजी क्षेत्र के लोगों के द्वारा अपना पैसा लगाकर नगर निगम की जमीन पर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। इस फुट ओवर ब्रिज के बन जाने से पैदल चलने वाले नागरिकों को सड़क के इस पर से उसे पर जाने में आसानी और सुविधा होगी।

निगम के द्वारा यह फार्मूला तैयार किया गया है कि फुट ओवर ब्रिज का निर्माण करने वाली संस्था को इस ओवरब्रिज पर 15 साल तक विज्ञापन का प्रदर्शन करने की अनुमति दी जाएगी। इस विज्ञापन के प्रदर्शन के स्थान को अन्य व्यावसायिक संस्थानों को किराए पर देकर यह संस्था फुट ओवर ब्रिज के निर्माण में लगी हुई अपनी लागत को निकाल सकेगी। निगम की ओर से इस प्रस्ताव के साथ इस कार्य को करने की इच्छुक संस्थाओं से प्रस्ताव बनवाने की पहल शुरू कर दी गई है। निगम की कोशिश है कि इस बार किसी भी हालत में फुट ओवर ब्रिज के निर्माण के कार्य को अंजाम देकर जनता को सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

### इन स्थानों पर बनाए जाएंगे फुट ओवर ब्रिज

- मोती तबेला में जीडीसी कॉलेज के सामने
- आरएनटी मार्ग पर
- तीन इमली चौराहा पर पवनपुरी कॉलोनी के सामने
- तीन इमली चौराहा पर अभिनव नगर के सामने

# त्योहार के नाम पर स्मार्ट सिटी हेरिटेज क्षेत्र में फुटपाथ की बसावट, निगम रिमूव्हल पर उठे सवाल

### करदाता दुकानदारों तक ग्राहक नहीं, सड़क पर कारोबार करने वालों की चांदी; चार-चार पुश्तों से कारोबार करने वाले 135 दुकानदारों को हटाने के बाद फुटपाथ कारोबार को संरक्षण का आरोप

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। स्मार्ट सिटी और हेरिटेज क्षेत्र के नाम पर राजबाड़ा और आसपास के बाजारों को व्यवस्थित करने की कवायद एक बार फिर सवालों के घेरे में है। त्योहारों के नाम पर फुटपाथ और सड़कों पर अस्थायी कारोबार की बढ़ती बसावट से उन दुकानदारों में नाराजगी बढ़ रही है, जो नियमित रूप से नगर निगम को कर और अन्य शुल्क अदा कर अपनी दुकानें संचालित कर रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि एक ओर करदाता दुकानदारों को बाजार में ग्राहकों का इंतजार करना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर सड़क और फुटपाथ पर बिना नियमित दुकान, किराया और कर व्यवस्था के कारोबार करने वालों को लगातार जगह मिल रही है। इससे बाजार में समान व्यापार करने वाले दुकानदारों के बीच असमान प्रतिस्पर्धा की स्थिति बन रही है।

### 135 दुकानदारों को हटाया, अब फुटपाथ पर सवाल

राजबाड़ा क्षेत्र को स्मार्ट सिटी और हेरिटेज स्वरूप देने के दौरान चार-चार पीढ़ियों से कारोबार कर रहे करीब 135 दुकानदारों को हटाया गया था। उस समय तर्क दिया गया था कि क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कर व्यवस्थित, सुंदर और यातायात के अनुकूल बनाया जाएगा। व्यापारियों का सवाल है कि यदि स्मार्ट सिटी के लिए स्थायी दुकानों को हटाना जरूरी था, तो अब उसी क्षेत्र के फुटपाथ और सड़क किनारे अस्थायी कारोबार को त्योहार के नाम पर बढ़ावा क्यों दिया जा रहा है?

रिमूव्हल कार्रवाई या सिर्फ दिखावे का खेल? व्यापारियों का आरोप है कि नगर निगम का रिमूव्हल अमला समय-समय पर मुनादी और कार्रवाई करता दिखाई देता है, लेकिन कुछ समय बाद फुटपाथों पर फिर वही स्थिति बन जाती है। इससे यह सवाल उठ रहा है कि आखिर कार्रवाई स्थायी समाधान के लिए है या केवल कुछ घंटों की औपचारिकता बनकर रह गई है।

त्योहारों के दौरान बाजारों में ग्राहकों की संख्या बढ़ने के साथ फुटपाथ पर अस्थायी कारोबार भी बढ़ जाता है। इससे पैदल चलने वालों के लिए जगह कम होती है और नियमित दुकानदारों के सामने कारोबार बचाने की चुनौती खड़ी हो जाती है।

### 'स्मार्ट सिटी' के नाम पर छलावा तो नहीं?

व्यापारियों का कहना है कि स्मार्ट सिटी का अर्थ केवल सड़क, सौंदर्यीकरण और हेरिटेज निर्माण नहीं होना चाहिए। स्मार्ट सिटी की पहली पहचान व्यवस्थित बाजार, स्पष्ट व्यापार नीति, पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित फुटपाथ और सभी कारोबारियों के लिए समान नियम होना चाहिए।

यदि एक ओर वर्षों पुराने दुकानदारों को हटाकर क्षेत्र को व्यवस्थित किया गया और दूसरी ओर उन्हीं स्थानों पर फुटपाथ कारोबार को बढ़ने दिया गया, तो स्मार्ट सिटी की पूरी अवधारणा पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

### निगम से स्पष्ट नीति की मांग

व्यापारियों ने नगर निगम से मांग की है कि त्योहारों के दौरान फुटपाथ और सड़क पर कारोबार के लिए स्पष्ट व्यवस्था बनाई जाए। जहां वैध वेंडिंग जोन निर्धारित हैं, वहां ही कारोबार की अनुमति हो और मुख्य बाजारों, हेरिटेज क्षेत्र तथा पैदल मार्गों को अतिक्रमण मुक्त रखा जाए।

व्यापारियों का कहना है कि कर देने वाला दुकानदार और बिना नियमित कर व्यवस्था के सड़क पर कारोबार करने वाला व्यक्ति दोनों के लिए नियम अलग-अलग नहीं हो सकते। राजबाड़ा जैसे ऐतिहासिक और प्रमुख पर्यटन क्षेत्र में यदि व्यवस्था ही असमान दिखाई देगी तो स्मार्ट सिटी की पूरी कवायद पर सवाल उठना तय है। अब सवाल नगर निगम से है कि स्मार्ट सिटी के नाम पर चार पीढ़ियों से कारोबार कर रहे 135 दुकानदारों को हटाने के बाद क्या राजबाड़ा के फुटपाथों पर फिर वही पुरानी अव्यवस्था लौटने दी जाएगी, या त्योहार के बाद भी अतिक्रमण के खिलाफ स्थायी और समान कार्रवाई होगी?

# एक शाम रिश्तों के नाम आयोजन होगा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

एक शाम रिश्तों के नाम पर जीवन प्रबंधन ग्रुप विजयशंकर मेहता के प्रवचन गुरुवार 27 अगस्त की शाम 7 से 8.30 बजे तक लाभ मंडपम सभागृह में किए जाएंगे। महात्योहार समिति और जीवन प्रबंधन समूह ने इसका आयोजन किया है। शाम 6 से 7 बजे तक भजन होंगे। पवन सिंघानिया, रोहित सोमानी, ओमप्रकाश पसारी, सागरमल खटोड, कैलाश खंडेलवाल, प्रकाश सोडानी, राधेश्याम सोमानी, शोभा पसारी, ओमप्रकाश मुछाल, जयंत गुप्ता, रामस्वरूप मूंदडा, सत्यनारायण गदिया, जितेन्द्र राठी, किरण मूंदडा, राजकुमार साबू, मुरली सोनी, रतनलाल माहेश्वरी, राजेश भट्टड, पुष्कर बाहेती, उत्तम मंत्री सहित अन्य आयोजन से जुडे है।

# गुमटी की शिकायत पर कार्रवाई करने पहुंचा निगम

इंदौर( सिटी ब्लास्ट )।

सराफा के पीछे स्थित धानगली में कल निगम की रिमूवल गैंग पहुंची। रिमूवल अधिकारी विनीत तिवारी ने बताया कि निगम के सुविधाघर के समीप बनी गुमटी को लेकर शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसके बाद कार्रवाई करने रिमूवल दस्ता पहुंचा। हालांकि शिकायतकर्ता ने इसी दौरान सीएम हेल्पलाइन पर की गई शिकायत वापस ले ली, इसलिए निगम ने गुमटी संचालक को चेतावनी दी।

# सारेगामा के कृष्णा पर निगम की नजर पुराने मनोरंजन कर की भी होगी वसूली

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

शहर में मनोरंजन कर को लेकर नगर निगम और इवेंट एजेंसियों के बीच एक बार फिर विवाद की स्थिति बनती नजर आ रही है। दिलजीत दोसांझ के लाइव कंसर्ट के बाद अब 22 और 23 अगस्त को होने वाले मनोज मुंतशिर के नाटक 'कृष्णा' को लेकर नगर निगम ने आयोजक कंपनी सारेगामा पर नजरें टिका दी हैं। निगम के राजस्व विभाग ने आयोजन से पहले ही मनोरंजन कर जमा कराने की तैयारी शुरू कर दी है।

नगर निगम राजस्व समिति के प्रभारी निरंजन सिंह चौहान ने बताया कि पिछले आयोजन का बकाया मनोरंजन कर भी संबंधित कंपनी से वसूला जाएगा। इसके साथ ही आगामी 'कृष्णा' नाटक का एडवांस मनोरंजन कर जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। उनका कहना है कि आयोजन के दौरान कर वसूली को लेकर किसी तरह की स्थिति निर्मित न हो, इसके लिए पहले से ही प्रक्रिया पूरी कराई जा रही है।

गौरतलब है कि हाल ही में इंदौर में हुए दिलजीत दोसांझ लाइव कंसर्ट को लेकर नगर निगम ने आयोजन से जुड़ी कंपनी सारेगामा पर मनोरंजन कर जमा नहीं करने का आरोप लगाया था। इसी के बाद अब आगामी आयोजन पर निगम की निगाह है। निगम और इवेंट एजेंसियों के बीच मनोरंजन कर को लेकर पहले भी कई बार विवाद सामने आ चुके हैं। ऐसे मामलों में निगम की कार्रवाई उपकरण जब्ती तक पहुंची है।

निगम का राजस्व विभाग मनोरंजन कार्यक्रमों से मिलने वाले कर को लेकर लगातार सख्ती का दावा करता रहा है। वहीं, बड़े आयोजनों में टिकट बिक्री और आयोजन से जुड़े कर की गणना को लेकर एजेंसियों और निगम के बीच मतभेद सामने आते रहे हैं। इंदौर नगर निगम की आधिकारिक वेबसाइट पर राजस्व विभाग का भी उल्लेख है।

जब 'कृष्णा' नाटक से पहले निगम द्वारा एडवांस टैक्स की मांग और पुराने बकाये की वसूली की बात सामने आने से मामला फिर गर्मा गया है। आगामी दिनों में यह देखना होगा कि आयोजन कंपनी निगम की मांग के अनुसार भुगतान करती है या मनोरंजन कर को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा होता है।

**1-** दिलजीत दोसांझ का कॉन्सर्ट (दिसंबर 2024): शहर में हुए इस बड़े शो के बाद आयोजकों पर तय मनोरंजन कर का भुगतान किए बिना ही निकलने के आरोप लगे, जिससे नगर निगम को राजस्व का बड़ा नुकसान हुआ।

**2-** यो यो हनी सिंह का कॉन्सर्ट (मार्च 2025) शो के टिकटों की ऑनलाइन बिक्री के आधार पर इंदौर नगर निगम ने आयोजकों से 50 लाख रुपये एडवांस टैक्स की मांग की थी। आयोजकों द्वारा पूरा कर न चुकाए जाने पर शो के तुरंत बाद निगम ने कार्रवाई करते हुए आयोजन स्थल से करीब 1 करोड़ रुपये का साउंड सिस्टम और एलईडी जैसी सामग्री जब्त कर ली थी।

**3-** करण औजला का कॉन्सर्ट (मार्च 2026) इस आयोजन के दौरान भी टैक्स चोरी के गंभीर आरोप सामने आए। निगम का दावा था कि सवा करोड़ रुपये के कर के मुकाबले आयोजकों ने केवल 27 लाख रुपये ही जमा किए और बड़े पैमाने पर टिकट बिक्री की जानकारी छिपाई गई।

# इंदौर की तर्ज पर अब भोपाल को भी किया जाएगा भिक्षुक मुक्त

## भीख मांगने वालों को पकडकर आश्रम में ले जाएंगे और फिर बनाएंगे आत्मनिर्भर

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

**राज्य सरकार के द्वारा इंदौर की तर्ज पर भोपाल को भी भिक्षुक मुक्त करने का अभियान शुरू किया गया है। इसके लिए इंदौर में काम करने वाली संस्था प्रवेश को ही भोपाल में भी काम करने की जिम्मेदारी दी गई है।**

भोपाल को भिक्षावृत्ति से मुक्त बनाने के लिए भोपाल नगर निगम, सामाजिक न्याय विभाग और संस्था प्रवेश के द्वारा मिलकर संयुक्त अभियान चलाया जाएगा। भोपाल के कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने इस अभियान को शुरू करवाने की कमान संभाली है। उनके द्वारा यह घोषणा की गई है की भीख मांगने वाले लोगों को जिस स्थान पर वह भीख मांगते हैं वहां से रेस्क्यू किया जाएगा और फिर उन्हें संस्था प्रवेश के आश्रम में रखकर तैयार किया जाएगा और आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। इसमें इन लोगों को पुनर्वास करने के लिए उनकी काउंसलिंग भी की जाएगी।

इंदौर की तर्ज पर काम करने के लिए भोपाल में जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा इस अभियान के तहत लोगों से यह अपील की जाएगी की कोई भी व्यक्ति भीख मांगने वाले लोगों को भीख नहीं दें। इंदौर में कलेक्टर के द्वारा यह अभियान चलाया गया था कि जो भीख देते हुए मिलेगा उसे पकड़ा जाएगा और उस पर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही भीख मांगने वाले व्यक्ति के बारे में सूचना देने वाले लोगों को 1000 का इनाम दिया जाएगा। अभी भोपाल में इस तरह का प्रावधान तो नहीं किया गया है लेकिन हां जल्द ही वहां पर अब इस तरह की व्यवस्था को लागू करने की तैयारी है।

ध्यान रहे की संस्था प्रवेश के द्वारा रुपाली जैन के नेतृत्व में जब तक इंदौर में इस अभियान को चलाया जा रहा था तब तक इंदौर भिक्षुक मुक्त हो गया था। अब जब इस संस्था को अलग हटा दिया गया है और राज्य सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा इस अभियान को चलाया जा रहा है तो इंदौर एक बार फिर भिक्षुक युक्त होता हुआ नजर आ रहा है।




## प्लास्टिक लाकर 252 लोग ले गए पौधे

**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** आधा किलो प्लास्टिक लाओ, एक पौधा पाओ अभियान के अंतर्गत निगम को कुछ प्रारंभिक सफलता मिलना शुरू हुई है। निगम के पास अभी तक 105.5 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्र हुआ है। महत्वपूर्ण बात यह है कि 252 लोग प्लास्टिक लेकर पहुंचे और इन 252 लोगों को 252 पौधे दिए गए। प्रारंभिक सफलता के बाद लोगों में जागरूकता बढ़े इसके लिए निगम ने प्रयास और तेजी से शुरू किए हैं। इसके पीछे मंशा यही है कि शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त बनाने तथा नागरिकों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नगर निगम इंदौर द्वारा ' आधा किलो प्लास्टिक लाओ, एक पौधा ले जाओ ' अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान 30 अगस्त तक चलेगा। जो 252 पोधे दिए गए हैं वे अलग अलग प्रजाति के हैं। यह 252 लोग अलग अलग झोनों पर पहुंचे हैं।

# आयुक्त ने दिए सिरपुर तालाब सीमांकन के निर्देश

## पानी की टंकी का निर्माण भी हो जल्द

**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** नगर निगम आयुक्त क्षीतिज सिंघल ने कल पश्चिमी क्षेत्र के सिरपुर तालाब क्षेत्र का निरीक्षण किया। अधिकारियों को निर्देशित किया कि सिरपुर तालाब का सबसे पहले सीमांकन करवाया जाए। आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए जिसमें गंदगी हटाने को लेकर भी दिशा निर्देश दिए। सिरपुर तालाब के पास निर्मित इंटरप्रिटेशन सेन्टर पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया एवं कार्यों में तेजी लाने हेतु निर्देश दिए गए, सेन्टर के आसपास बने आर्टिफीसियल पोंड को पानी कम होने की स्थिती में रियूज पानी से पोंड भरने हेतु निर्देश दिए गए। सिंघल द्वारा गोदवले धाम पानी की टंकी के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को कार्य में तेजी लाते हुए, अक्टूबर तक कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि क्षेत्र के नागरिकों को इसका लाभ जल्द से जल्द मिल सके। आयुक्त ने झोन 15 के सीएसआई संदीप डांगी एवं दरोगा हेमराज गोगलिया तथा ज़ोन क्रमांक 16 सीएसआई मोहित पवार एवं दरोगा दीपक डागर को सफाई व्यवस्था ठीक नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त करने के साथ ही कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बीजलपुर के पास फलबाग में निर्माणाधीन 30 एम एल डी संपवेल के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। आयुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों, इंजीनियरों एवं ठेकेदार को दिसंबर माह तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। यहां से 10 टंकियों में पानी भरा जा सकेगा।



# रिक्त सीटों पर आज से 11 दिनों तक कॉलेज लेवल काउंसलिंग

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश से वंचित विद्यार्थियों को प्रवेश का एक और अवसर प्रदान आज से किया जा रहा है। यह प्रक्रिया 31 अगस्त तक चलेगी। इस चरण में विद्यार्थियों को उपलब्ध रिक्त सीटों पर 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार प्रदेश के शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में उपलब्ध रिक्त सीटों पर निर्धारित अवधि में प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जाएगी। महाविद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि पात्र विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया समय-सीमा में पूर्ण कराते हुए उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग उपलब्ध कराएं।

# स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन प्रशिक्षण जारी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भारत स्काउट गाइड जिला संघ इंदौर द्वारा बेसिक स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ जो 24 अगस्त तक शासकीय प्राथमिक विद्यालय क्रमांक 45 छावनी घाट मैदान पर चल रहा है। इस शिविर में 90 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।





# घरेलू हिंसा अधिनियम पर कार्यशाला

**इंदौर।** मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम, 2005 के लगभग दो दशकों के क्रियान्वयन का आंकलन, वर्तमान कमियों के विश्लेषण तथा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य-स्तरीय नियमावली एवं मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। पीड़ित महिलाओं को शिकायत से लेकर राहत तक सरल और समयबद्ध व्यवस्था उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने घरेलू हिंसा से संबंधित मामलों में अधिनियम के प्रावधानों के साथ-साथ उनके जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। इस दौरान रेखा यादव, साधना स्थापक, अरविंद जैन, अभिजीत राठौर, अधिकारी रजनीश सिन्हा मौजूद थे।




# कसेरा बाजार स्कूल के विद्यार्थियों ने जीते पदक

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल के दो अलग-अलग समूह अंडर-8 और अंडर-16 में सफलता प्राप्त हुई है। डिस्ट्रिक्ट इंटर स्कूल योगा स्पोर्ट्स चैम्पियनशीप छोटा बांगडदा स्कूल में हुई। आध्या चौधरी, आदविका माहेश्वरी, आद्रिका चौधरी, मिष्ठी परमार, रियांसी पांचाल को कांस्य पदक मिला। वही माहिर सुनहरे, लक्ष्य राठौर, देविक शर्मा, गर्वित सोलंकी, सात्विक शर्मा को सिल्वर। अंडर-16 गर्ल्स में धारा तोमर, आराध्य तिवारी, अवनी सोनोने, लाभांशी वाजपेयी, रक्षिता सिंग गौर, तनिष्का विश्वकर्मा, आर्वा सिद्धीकी, अनन्या जोशी, क्रपिश सिसोदिया, खुशाग्र खंडेलवाल, दक्ष मकोडे, फैजान पटेल, कृष्णा यादव को सिल्वर मिले। इन सभी का आज प्रार्थना सभा के बडे मंच से सम्मान किया गया। इस दौरान प्राचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर, अध्यापक मोहित यादव, शुभम अलेरिया मौजूद थे।

## सेवा दीदी का अभिनंदन कार्यक्रम

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। माधव सृष्टि आरोग्य केंद्र द्वारा सेवा दीदी अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेवा भारती की कार्यकर्ता दीदी मौजूद रहीं।



अनिता मित्तल, दिनेश अग्रवाल, मधुसुदन अग्रवाल, डॉ. संजय लोंढे, संदीप जमींदार, मनीषी श्रीवास्तव, प्रवीण डांगी, अनिता लोढा सहित अन्य मौजूद थे।



## विचार मंच और ब्राह्मण समाजजनों ने किया आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

'क्रांतिकारी विचार मंच','इंदौर पाराशर ब्राह्मण समाज' एवं 'परशुराम महासभा' के संयुक्त तत्वावधान में श्री चारभुजा नाथ मंदिर में तुलसी जयंती मनाई गई। डॉ. योगेन्द्रनाथ शुक्ल, डॉ. सुरेश भारती, रामचंद्र अवस्थी, दिनेश पाठक, डॉ कृष्ण जोशी, बृजमोहन बृज, श्रीचारभुजा नाथ, गोपालकृष्ण शर्मा, आदित्य शर्मा, हरीश साथी, दीपक शिरालकर, दिनेश दुबे, पवित्र शर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, राजेन्द्र शर्मा ने अपनी भूमिका निभाई।

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य शिविर शुरू

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। वरिष्ठ नागरिक मंच अन्नपूर्णा क्षेत्र द्वारा आज सुबह से यूनिक हास्पिटल अन्नपूर्णा रोड पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। यह शिविर दोपहर 2 बजे तक चलेगा। क़ई तरह की जांच की जा रही है। चिकित्सक सेवाएं दे रहे है। 28 अगस्त तक वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है। डॉ. के.के. नीमा,डॉ. वत्सल कयाल, डॉ. सुहानी कयाल सेवाएं दे रहे हैं।

## विद्यार्थियों ने दिखाई प्रस्तुति से प्रतिभा



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जीवार्थ फाउंडेशन, के 'सलामी 2026' में गूंजा देशभक्ति का जज़्बा, शहीद परिवारों का लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में हुआ विशेष सम्मान। इंदौर के 60 विद्यालयों के लगभग 1500 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। अंतर-विद्यालय देशभक्ति गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की प्रस्तुतियां हुई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति का जज्बा और भावना मजबूत करना था। विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। डॉ. जनक पलटा, डॉ. पी. के. भट्ट, कर्नल एन. के. माथुर, सी. के. कार्तिक, एनी पाउलोस उपस्थित रहे। स्तुति भट्ट, युमय भट्ट, अक्षज तंवर, विधि प्रधान, रुद्रेश पाठक, समीक्षा भट्ट, अंकुर तंवर, पलक मोटवानी ने मंच सम्भाला और संचालित भी किया। फाउंडेशन के पंकज भट्ट ने अतिथियों और देशभक्तों के परिवार का सम्मान किया। विद्यार्थियों, शिक्षकों को साधुवाद भी दिया।

## राजपूत समाजजनों ने किया सामाजिक भवन का भूमिपूजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

तेजाजी नगर खंडवा रोड पर मध्य भारत क्षत्रिय राजपूत परिषद् न्यास के भवन के लिए जमीन करीब एक करोड़ रुपए की कैलोद करताल के माधुसिंह पटेल के नाम पर दी गई। भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राजपूत समाजजन पहुंचे। भवन निर्माण के लिए कई



समाजजनों ने धनराशि की घोषणा भी की। सचिन पटेल, खुमानसिंह पटेल, गणपतसिंह गौड़, विनय पटेल, नरेन्द्र पटेल, चम्पालाल पटेल, पदमसिंह मस्कारा, गणेश चंदेल, खेमराज बारोड़, दिनेश पटेल, गणपत गौड़, महेन्द्र सिंह पटेल, कैलाश मस्कारा, सतीश देवड़ा ने किया। 12 गांव के राजपूत समाजजन मौजूद रहे।

## गणगौर घाट से निकलेगी पालकी यात्रा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। प्राचीन बाल हनुमान मंदिर गणगौर घाट सेवा समिति के बैनरतले भाजपा नेता जीतू कुशवाह द्वारा 23 अगस्त को गणगौर घाट छत्रीबाग से सावन मास में गणगेश्वर महादेव की पालकी यात्रा का आयोजन किया जाएगा। बड़ी संख्या में संत-महंत, रहवासी, श्रद्धालु और भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। आयोजन से इन्दौर हास्पिटल पीड़ित परिवार संघ और इन्दौर फुटकर व्यापारी संघ भी जुडा हुआ है।

## अभिनेता ब्रजेन्द्र काला एवं अभिनेता सुधीर पांडे इंदौर आएंगे

### फिल्म की शूटिंग में लेंगे भाग




इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। फ़िल्म द कॉल ऑफ़ कचनेर की शूटिंग इंदौर में चल रही हैं। इस फ़िल्म में 2 प्रमुख किरदार मुंबई से अभिनेता ब्रजेन्द्र काला और सुधीर पांडे है। इसमें से अभिनेता ब्रजेन्द्र काला आज 21 अगस्त को इंदौर पहुंचे। एयरपोर्ट से काला सीधे होटल पहुंचे। वहाँ से रेडी होकर शूट स्थल पर जायेंगे। इसी तरह 22 अगस्त को सुबह 11.30 बजे पांडे मुंबई से इंदौर पहुँचेंगे। वे सीधे शूट स्थल पर पहुंचेंगे। ये जानकारी प्रोड्यूसर राहुल सेठी-पीयूष रावका, प्रोडक्शन हेड मुकेश ब्रजवासी और राजेश जैन ने दी।



## अग्रवाल महिलाओं की टीम ने ली शपथ

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अग्रवाल महिला मंडल मल्हारगंज की नई कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह बाबाश्री रिसोर्ट में आयोजित किया गया। जगदीश गोयल, एसएन गोयल अतिथि थे। शोभा जैन, चंद्रकला ऐरन की मौजूदगी में शीला अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल, चंचल गर्ग, कृष्णा गर्ग, बीना बंसल, उमा गोयल, निर्मला ऐरन ने शपथ ली।

## बच्चों को बाँधे रक्षा सूत्र



इंदौर सिटी ब्लास्ट। थैलेसीमिया एंड चाइल्ड वेलफेयर ग्रुप ने थैलेसीमिया डे केयर सेंटर में भर्ती 15 बच्चों को रक्षाबंधन के पूर्व कार्यक्रम आयोजित कर रक्षा सूत्र बांधे। उपहार भी दिए, मिठाई भी खिलाई और इन बच्चों के आगे भविष्य के लिए अच्छे स्वास्थ्य के लिए संकल्प भी लिया गया। डॉ. रजनी भंडारी, कांता पोखरना, पूर्णिमा रावत, पुष्पा अग्रवाल, फ़िरदौस नाहिद और मीना शाह सहित अन्य मौजूद थे। सभी बच्चों का ब्लड टेस्ट भी करवाया गया।

## श्री भीलट देव बाबा क़ो लगाया छप्पन भोग

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्री भीलट देव बाबा समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बाबा के दर्शन का आयोजन किया था। भंडारा भी रखा गया। अतिथि मनोज परमार, सरवन पोलाया,विष्णु पोलाया थे।



## झूलेलाल मंदिर में मूर्ति स्थापना

इंदौर सिटी ब्लास्ट। झूलेलाल मंदिर छत्रीबाग में सांई वासुदेव ठाकुर की मूर्ति स्थापना की गई। इस आयोजन के लिए भरूच गुजरात से सांई मनीष लाल आए थे। यज्ञ और ब्रह्मभोज का आयोजन किया गया। राजेंद्र सचदेव, ईश्वर हिंदुजा, मंशाराम राजानी, विजय माखीजा, डॉ. जयकुमार परियानी, दीपचंद चावला, सच्चानंद वाधवानी, लालचंद टी वाधवानी, राकेश पंजवानी, जयपालदास बजाज, सच्चानंद कामोर, अजय शिवानी, अनिल असरानी, किशोर कोडवानी , ओमप्रकाश फरकिया, सुरेश घनानी, लालचंद छाबड़ा, धनेश मटाई, गोविंद रुपाणी, प्रदीप खत्री, दीपक बाबा, नरेंद्र इसरानी उपस्थित थे।



## व्यापार प्रतिनिधि मंडल में नैन्सी धारीवाल जापान जाएंगी



**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ जापान जाने वाले भारतीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल में नैन्सी धारीवाल शामिल होंगी। नैन्सी भारतीय महिला उद्यमिता के रूप में प्रतिनिधि मंडल में शामिल की गई हैं।

## आज शाम गीत संगीत

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

आज शाम 7 बजे से प्रीतमलाल दुआ सभागृह में विशेष संगीत निशा 'रहें न रहें हम, महका करेंगे' का आयोजन किया जाएगा। इस गीत संगीत से सुमन कल्याणपुर को संगीतमय श्रद्धांजलि दी जाएगी। कल्याणपुर के गीत गूंजेंगे। प्रस्तुति आशीष होरा, मोनिका व्यास, पूजा परमार, अजीत श्रीवास्तव, अन्नू शर्मा, डॉ. टी.एस. होरा, डॉ. श्यामवीर यादव, गुरमीत सिंह होरा एवं ओ.पी. श्रीवास्तव द्वारा दी जाएगी। कामना जैन, डॉ. टीएस होरा अपनी भूमिका निभाएंगे।

# नवकार महामंत्र की भावयात्रा से अष्टापद तीर्थ का आध्यात्मिक दर्शन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



केशरी वाटिका में चल रहे चातुर्मास के अंतर्गत आचार्य नित्यसेनसूरीश्वर म.सा. ने नवकार महामंत्र के 68 अक्षरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। आचार्य ने कहा कि नवकार महामंत्र केवल मंत्रोच्चार नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, विनय और कर्मनिर्जरा की दिव्य साधना है। जब व्यक्ति के भीतर विनय और सरलता आती है, तभी वह नवकार की वास्तविक शक्ति का अनुभव कर सकता है। आचार्य ने नवकार महामंत्र की भावयात्रा के माध्यम से श्रद्धालुओं को अष्टापद तीर्थ का आध्यात्मिक दर्शन कराया। उन्होंने भगवान आदिनाथ एवं अष्टापद तीर्थ की महिमा बताते हुए कहा कि भगवान आदिनाथ ने इसी पावन भूमि से मोक्ष प्राप्त किया था। राजेश जैन युवा ने बताया कि चातुर्मास स्थल पर तपस्वी भाई-बहनों की सिद्धि तप आराधना जारी रही। उपवास की आराधना करने वाले तपस्वियों का अभिनंदन किया गया। सुनील राजमल कापडिया, हजारीमल कांतिलाल राका, राकेश-प्रीति जैन ने आयोजन में लाभ लिया। भेरूलाल लुणावत, जयंतिलाल बागवाला, शांतिलाल रुणवाल, विपिन जैन, नीरज सुराणा, धनराज संघवी, सुरेश-मदनलाल जैन, अक्षय मेहता सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।



## मिल में झांकी के लिए गाड़ी का पूजन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** राजकुमार मिल गणेश उत्सव समिति द्वारा गणेशोत्सव के बाद अनंत चतुर्दशी पर निकलने वाली झांकियों की तैयारी शुरू कर दी है। झांकी में जो गाडियां लगती है उनका पूजन भी किया गया। मदन परमालिया, लक्ष्मीनारायण पाठक, अजयसिंह ठाकुर, दिलीप माथुर, नाथूलाल शर्मा, प्रवीण हरगांवकर, विनय हरगांवकर, हितेष हरगांवकर, गणेश वर्मा, अमृत कुमार वर्मा सहित अन्य मौजूद थे। मिल की झांकी का यह 90वां वर्ष है।

## जैन समाज शिविर के रजिस्ट्रेशन फार्म का विमोचन



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** नेमीनगर जैन कॉलोनी में आयोजित चतुर्मास में आचार्य श्री सुनील सागर म.सा. के रोजाना प्रवचन चल रहे है। इंद्रकुमार सेठी, संदीप गंगवाल, कैलाश लुहाडिया ने बताया कि 16 से 25 सितम्बर तक प्रर्युषण चतुर्मास में दस लक्षण महापर्व में सन्मति साधना शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन फार्म का आचार्य के सानिध्य में विमोचन किया गया।

## महिलाओं ने उठाया भुट्टों का लुत्फ



### लहरिया क्वीन कार्यक्रम भी किया आयोजित

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

पलासिया महिला मंडल द्वारा फार्म हाउस में 'लहरिया थीम' एवं 'भुट्टे के व्यंजन प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। महिलाओं ने लहरिया परिधानों में अपनी खूबसूरती और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। साथ ही ताजे भुट्टे से विभिन्न स्वादिष्ट एवं आकर्षक व्यंजन बनाकर प्रस्तुत किए गए। नीरजा जैन, वीणा जैन, सीमा रावत विजेता रही। नीना पहाडिया, पायल बड़जात्या, डिम्पल जैन, अलका जैन, शीतल टोंग्या, मौजूद थी।



## दीक्षारम्भ पर विद्यार्थियों से संवाद

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** स्कूल ऑफ सोशल साइंसेस के दीक्षारंभ में विद्यार्थियों से संवाद का आयोजन किया। कुलगुरु डॉ. राकेश सिंघई ने नए विद्यार्थियों से संवाद करते हुए शिक्षा और विश्वविद्यालय की भूमिका को व्यापक सामाजिक संदर्भ में समझाया।डॉ. रेखा आचार्य ने विभाग की दिशा और विद्यार्थियों की भूमिका को बताया। मनीष पांडे ने विद्यार्थियों को फील्ड वर्क और प्लेसमेंट से जुड़े व्यावहारिक आयामों की जानकारी दी। डॉ. गौतम कोठारी ने भी उदबोधन दिया।

## जीजाबाई कॉलेज में आयोजन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित वाणिज्य दिवस के तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वाद्य यंत्रों पर प्रस्तुति दी। गीत भी प्रस्तुत किए गए। कलाकारों ने गीत-संगीत की प्रस्तुति दी। डॉ. अशोक सचदेवा, डॉ. अरुणा कुसमाकर, डॉ. संजय पंडित,डॉ. संजय जौहरी, डॉ. विजय काले, डॉ. संजय अग्रवाल, डॉ. इंदिरा ठाकुर की मौजूदगी में छात्रा प्रियांशी शुक्ला ने गीत की प्रस्तुति दी। मनीषा यादव, बबलू शर्मा, अनामिका जैन, शुभांगी ने गीतों की प्रस्तुति दी। संगत मनीषा जौहरी, शोभना गुजराती, हुसैना जयश्री, अनिता दुबे ने की। संचालन छात्रा प्रियांशी शुक्ला ने किया।



## श्री पद्मावती वेंकटेश देवस्थानम में झूला उत्सव कल

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** श्री पद्मावती वेंकटेश देवस्थानम विद्या पैलेस कॉलोनी एरोड्रम रोड पर कल 22 से 28 अगस्त तक सात दिवसीय झूला उत्सव का आयोजन बालक स्वामी महाराज के सान्निध्य में किया जाएगा। हरिकिशन साबू, मनोहर सोनी, नितिन तापड़िया ने बताया कि कल 22 अगस्त को हरिकिशन साबू भोंपूजी की भजन संध्या होगी और झूला उत्सव भी शुरू होगा। झूला उत्सव कल शाम 7 बजे से शुरू होगा और भजन भी रात्रि तक होंगे।

## महिला बंदी बहनों ने बनाई राखी

### भाइयों के हाथ पर रक्षाबंधन पर बांधा जाएगा रक्षा कवच

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मनु मेमोरियल शिक्षण समिति द्वारा लगातार 28 वर्षों से जेल में बंदी बहनों से भाइयों की कलाई पर बांधने के लिए राखी बनवाई जाती है। यह क्रम 29वें वर्ष में भी जारी रहा। समिति की पदाधिकारी बहनें राखी बनवाने का सामान जुटाती और बंदिनी के भाई का नम्बर लेकर उन्हें रक्षाबंधन पर जेल आने का निमंत्रण भी देती है। भाई अगर दूर है तो रक्षाबंधन के लिए राखी पोस्ट की जा रही है। जेल में सुन्दरकांड और हनुमान चालीसा पाठ किया जा रहा है। संस्था की पदाधिकारी और जेल महिला पदाधिकारी की भूमिका भी इस कार्य के लिए महत्वपूर्ण रहती है।



## महिलाओं ने किया झूला उत्सव का आयोजन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** न्यू गौ सेवा महिला मंडल द्वारा सावन में झूला उत्सव का आयोजन किया। कृष्णा बाहेती, शोभा माहेश्वरी, उषा चौधरी, रुक्मणी दरक, उर्मिला लाठी, तरुण परवाना, पुष्पा काबरा, पुष्पा पाटीदार, सीमा बाहेती, अनसूइया साबू, निर्मला चिचाणी मौजूद थी।



# छावनी सड़क निर्माण कार्य ने अब पकड़ी रफ्तार

## पहले चरण में दवा बाजार से 2 नंबर मैदान तक सड़क तैयार

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। छावनी सड़क निर्माण कार्य ने अब पहले से दुगनी रफ्तार पकड़ ली है। बड़ी बात यह है कि पहले चरण में जहां दवा बाजार से दो नंबर स्कूल मैदान तक के बड़े हिस्से में खुदाई के बाद एक जैसी चौड़ाई में नई सीमेंटेड सड़क बनकर तैयार हुई थी वहीं इसके बाद दूसरे चरण में श्रद्धानंद मार्ग पर लक्ष्मीनारायण दूधवाला चौक से लेकर छावनी चौराहा पर मथुरा वाला बिल्डिंग तक एक साइड के बड़े हिस्से में पूरी तरह से नई सड़क बनकर तैयार भी होने लगी है जो आने जाने वाले वाहन चालकों को दूर से ही नजर भी आ रही है। यही नहीं इससे क्षेत्र के रहवासी और व्यापारियों के साथ यहां से रात -दिन गुजरने वाले वाहन चालकों ने भी राहत की सांस ली है। वहीं क्षेत्र के रहवासी परिवार और आसपास के व्यापारियों का कहना है कि कि अब काम व्यवस्थित और पहले से कई गुना तेजी के साथ चल रहा है। साथ ही व्यापारी और रहवासी भी सड़क निर्माण कार्य की रफ्तार से खुश और संतुष्ट नजर आए।



**अब तीसरे चरण में छावनी चौराहा से आगे जगन्नाथ धर्मशाला तक होने लगी खुदाई** –इधर , बड़ी बात यह है कि अब छावनी चौराहे से आगे जलेबी और मावा दुकानों के सामने से लेकर जगन्नाथ धर्मशाला तक के बड़े हिस्से में भी खुदाई कर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ शुरू कर दिया गया है। जिससे इस हिस्से में भी खुदाई कर सड़क निर्माण कार्य और चौडीकरण कार्य की रफ्तार तेजी के साथ नजर आने लगी है। वर्तमान में जहां श्रद्धानंद मार्ग पर लक्ष्मीनारायण दूध चौराहा से मथुरावाला बिडिंग तक खुदाई कर एक साइड के बड़े हिस्से में मस्जिद के सामने तक सड़क बनकर तैयार भी हो गई है। वहीं अब दूसरी साइड भी काम शुरू होने जा रहा है। इसके अलावा दवा बाजार से श्रद्धानंद मार्ग दो नंबर स्कूल मैदान तक बचे हिस्से में भी काम तेजी के साथ हो रहा है। कहा जा रहा है कि गणेश चतुर्थी से पहले छावनी चौराहा तक का काम पूरा हो जाएगा। इसके आगे का काम चलता रहेगा ताकि जीपीओ से छावनी चौक होते हुए सरवटे बस स्टेंड ओर मंडी की और आने-जाने वालों को परेशानी नहीं होगी।

# इंदौर जू में आधे से ज्यादा हिस्से में लगा दिए आकर्षक ब्लॉक

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में घूमने आने वाले हजारों दर्शकों को अब इस बारिश के सीजन में कीचड़ और गंदगी से परेशान नहीं होना पड़ेगा क्योंकि जू प्रबंधन द्वारा सौंदर्यकरण योजना के अंतर्गत संपूर्ण चिड़ियाघर परिसर के बड़े हिस्से में आकर्षक नए ब्लाक लगाने का काम पूरा कर लिया है। यही नहीं शेष बचे हिस्से में भी काम तेजी के साथ चल रहा है। जिसका सबसे बड़ा फायदा यह हो रहा है कि सौंदर्यकरण के साथ यहां आने वाले दर्शकों को पैदल चलने में भी अब कीचड़ से बड़ी राहत मिल रही है। साथ ही बैटरी वाली गाड़ियों को भी चलने में अब आसानी हो रही है।



**बैटरी गाड़ी की संख्या बढ़ाने की लगातार उठ रही मांग**

वहीं खास बात यह है कि लगभग 50 एकड़ से ज्यादा बड़े हिस्से में फैलें इंदौर के एकमात्र चिड़ियाघर में पक्षियों और जानवरों के रहने के लिए करीब 65 पिंजरे और बाड़े है। जिन्हें व्यवस्थित और बिना थकान के देखने के लिए वर्तमान में दर्शकों की सुविधा के लिए अभी तीन बैटरी वाली कार चल रही है। जिसकी संख्या बढ़ाने को लेकर भी लगातार दर्शकों की मांग उठ रही है। दरअसल जू में दर्शकों के लिए नित्य नए एडवांचर की नई सुविधाएं जुड़ रही है।जिससे लगातार जू में दर्शकों की संख्या भी बढ़ रही है। लोकापर्ण के बाद अब जल्द टिकिट तय कर दर्शकों के लिए 14 डी स्पेशल इफैक्ट के साथ नेचरल जंगल सफारी का अहसास कराने के लिए शुरू करने की तैयारी है। जिससे अब दर्शकों की संख्या और ज्यादा बढ़ने वाली है। अभी बैटरी कार का टिकिट 50 रुपये प्रति व्यक्ति है। इधर एमआईसी मेंबर नंदू पहाड़िया का कहना है कि लगातार दर्शकों की बढ़ती संख्या और मांग को ध्यान में रखकर आने वाले दिनों में जल्द बैटरी गाड़ियों की संख्या बढ़ाने की तैयारी भी चल रही है।

# जवाहर मार्ग के लिंक रोड पर छाया लापरवाही का अंधेरा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जवाहर मार्ग पर जूनी इंदौर चन्द्रभागा क्षेत्र में जाने के लिए बने लिंक रोड पर लंबे समय से जिम्मेदारों की लापरवाही का अंधेरा छाया हुआ है। हालत यह है कि लाखों रुपए खर्च कर सौंदर्यकरण और सुविधा के तहत नदी के किनारे लिंक रोड पर लाखों रुपए खर्च कर लगी सजावटी लाइटिंग और केंद्रीय लाइट पूरी तरह से बंद पड़ी है। जिससे इस मार्ग से आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

बड़ी बात यह है कि अंधेरे के कारण क्षेत्र के रहवासियों और रात-दिन यहां से गुजरने वाले लोगों को दुर्घटना और हादसें होने के साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी होने की आशंका बनी रहती है। इधर लोगों का कहना है कि कई बार निगम की 311 एप और निगम अफसरों को शिकायत करने के बावजूद कोई भी जिम्मेदार लंबे समय से यहां का अंधेरा दूर करने को लेकर ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे यहां से आने-जाने वालों को अंधेरे में दिक्कत हो रही है। 2 साल पहले निगम ने लाखों रुपए खर्च कर जवाहर मार्ग से जुड़ी लिंक रोड पर आकर्षक लाइटिंग लगाकर सजावट और सौंदर्यीकरण का कार्य किया था। जिससे लोगों को बड़ी राहत मिल रही थी। वहीं पिछले कुछ समय से आधी से ज्यादा लाइटिंग बंद होने से लोगों को परेशानी हो रही है।

## भूसामंडी से मेदांता अस्पताल के बीच की सालों पुरानी पुलिया का अब होगा जीर्णोद्धार

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विधानसभा दो के अंतर्गत वार्ड 31 में भूसा मंडी से मेदांता हॉस्पिटल के बीच के हिस्से वाली सालों पुरानी (खाई ) छोटी पुलिया पर अब जीर्णोद्धार कार्य शुरू होगा। वहीं बड़ी बात यह है कि सालों बाद क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर जनप्रतिनिधियों द्वारा लंबे समय के बाद भूसा मंडी में सालों पुरानी जर्जर पुलिया के जीर्णोद्धार कार्य की निगम से फाइल मंजूरी करवाकर यहां पुरानी पुलिया के जीर्णोद्धार ओर नवीनीकरण कार्य शुरू करने को लेकर तैयारियां भी शुरू कर दी है।

**अस्पताल और मंडी के बीच की खाई को पाटने के लिए शुरू होगा कार्य–** खास बात यह है कि विधानसभा दो के वार्ड क्रमांक 31 से जुड़े प्रमुख क्षेत्र भूसा मंडी से मेदांता हॉस्पिटल के सामने स्थित सालों पुरानी (खाई )पुलिया के नवनिर्माण और जीर्णोद्धार कार्य के लिए निगम द्वारा लगभग 34 लाख रुपए के आसपास मंजूर किए गए है। जिसको लेकर निविदा भी जारी हो गई है। कहा जा रहा है कि अगले माह की शुरुआत में टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद बेहद जल्द अन्य प्रक्रियाएं पूरी कर हाथों-हाथ काम भी शुरू कर दिया जाएगा। इसका फायदा अस्पताल आने - जाने वाले लोगों को भी मिलेगा। साथ ही आसपास के रहवासियों को भी लंबे समय के बाद सालों पुरानी संकरी जर्जर पुलिया से राहत और नई पुलिया की सौगात मिलेंगी। जिसके निर्माण को लेकर भी तैयारियां शुरू हो गई है।

## प्रमुख चौराहों और बाजारों का अंधेरा दूर करने के लिए अब हाई मास्ट लगाने की तैयारी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।विधानसभा दो के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 34 में स्थित विभिन्न क्षेत्र और प्रमुख बाजारों व चौराहों का अंधेरा दूर करने के लिए अब आने वाले दिनों में बेहद जल्द निगम द्वारा बड़े हाई मास्ट लगाने की तैयारी शुरू हो गई है। जिससे क्षेत्र का लंबे समय का अंधेरा अब आने वाले दिनों में दूर होगा और प्रमुख बाजारों में आने वाले त्यौहारों के दौरान देर रात तक जगमगाहट और चकाचौंध भी रहेगी।

**प्रमुख त्यौहारों से पहले नजर आएगी क्षेत्र में चकाचौंध-**खास बात यह है कि इससे इस क्षेत्र के प्रमुख बाजार और चौराहों पर आने वाले प्रमुख त्यौहारों रक्षाबंधन, जन्माष्टमी और गणेश चतुर्थी से पहले क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था भी चाकचौबंद हो जाएगी। जिसको लेकर निगम के विद्युत विभाग ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और रहवासियों और व्यापारियों की मांग पर चुनिंदा स्थानों पर अलग-अलग तरह के तेज रोशनी वाले हाई मास्ट लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। जिसके अंतर्गत इस व्यवस्था के अंतर्गत निविदा भी जारी कर दी गई है। वहीं कहा जा रहा है कि क्या अगले माह में बेहद जल्द विभिन्न स्थानों पर मुख्य चौराहा, प्रमुख बाजारों में हाई मास्ट की स्थापना का काम भी शुरू हो जाएगा।

# पीडब्ल्यूडी की पुराने एबी रोड पर दुर्घटना रोकने के लिए सेंट्रल लाइटिंग और डिवाइडर की तैयारी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अब पीडब्ल्यूडी पुराने एबी रोड निरंजनपुर चौक से मांगलिया रोड पर टाटा शोरूम के सामने तक के बड़े हिस्से में आए दिन होने वाली छोटी-मोटी दुर्घटनाएं और हादसे रोकने के लिए इस मार्ग पर लगभग 7 किलोमीटर लंबे हिस्से में सेंट्रल डिवाइडर का नव निर्माण के साथ इस मार्ग पर रोशनी के लिए 200 से ज्यादा नए बिजली के पोल लगाकर उन पर तेज रोशनी वाली सेंट्रल लाइटिंग लगाने की भी तैयारी कर रहा है। जिसके लिए पीडब्ल्यूडी ने बकायदा टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।




## निरंजनपुर चौक से मांगलिया रोड तक होगी सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद

**सालों बाद पुराने एबी रोड की सुध लेकर पीडब्ल्यूडी शुरू करेगा सुरक्षा पर काम**

पीडब्ल्यूडी अफसरों के मुताबिक पुराने एबी रोड पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने के लिए विभाग द्वारा साढ़े तीन करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से सालों बाद इस मार्ग की सुध लेते हुए अब यहां की सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखते हुए सबसे पहले इंदौर देवास रोड़ पर बीच के हिस्से में मजबूत सीमेंटेड डिवाडर का निर्माण करने और फिर रोशनी के लिए सड़क के बीच के हिस्से में सेंट्रल लाइटिंग के लिए बड़े हिस्से में नए इलेक्ट्रिक पोल लगाकर उन पर आकर्षक सेंट्रल लाइटिंग भी लगाई जाएगी। जिसको लेकर पीडब्ल्यूडी अफसरों ने निविदा संबधित प्रक्रिया के साथ विभागीय तैयारियां भी शुरू कर दी है। कहा जा रहा है कि निविदा प्रक्रिया पूरी होते ही हाथों-हाथ बेहद जल्द काम भी शुरू कर दिया जाएगा। जिससे आने वाले दिनों में इंदौर से देवास की ओर जाने वाले मांगलिया होते हुए पुराने एबी रोड़ के मुख्य मार्ग पर निरंजनपुर चौक से टोयोटा शोरूम तक बीच में दुर्घटना रोकने के लिए मजबूत डिवाइडर निर्माण के साथ आकर्षक सेंट्रल लाइटिंग लगने से इंदौर देवास का यह मुख्य मार्ग भी जगमगा उठेगा। साथ ही इस मार्ग पर आए दिन होने वाली दुर्घटना और हादसों से भी आमजन को मुक्ति मिलेगी।

## संपादकीय

# बच्चे ऑनलाइन फंसते गए, सोशल मीडिया कमाता गया सवालों के घेरे में मेटा

मेटा तेरह वर्ष से कम उम्र के बच्चों का अभिभावकों की सहमति के बिना डेटा जमा करती है, जो संघीय कानून का उल्लंघन है। बच्चे सिर्फ मनोरंजन के लिए हर हफ्ते औसतन 32 घंटे डिजिटल स्क्रीन के सामने बिताते हैं। जो कुछ वर्षों से आभासी दुनिया में बच्चे जिस तरह गुम हो गए दिखते हैं, वहां से उनको निकालना एक बड़ी चुनौती है। आज पूरे विश्व में करोड़ों बच्चे सोशल मीडिया की लत से प्रभावित हैं। वे न केवल समाज से, बल्कि परिवार से भी कट गए हैं। सवाल है कि यह आदत उन्हें लगी या लगाई गई? आभासी दुनिया में विविध मंच उपलब्ध कराने वाली मेटा इस मुद्दे पर कठघरे में है। गौरतलब है कि अमेरिका के चार राज्यों ने इसके संचालन में बदलाव की मांग की है। बच्चों की सुरक्षा और निजता पर उठ रहे सवाल बेहद गंभीर प्रकृति के हैं और उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। संबंधित राज्यों ने मेटा के खिलाफ संघीय अदालत में आरोप लगाया है कि उसने अपने ऐप इस तरह बनाए हैं कि वे बच्चों को आदी बनाएं और उन्हें ज्यादा समय तक रोके रखें तथा उनका डेटा जमा करें। मेटा तेरह वर्ष से कम उम्र के बच्चों की अभिभावकों की सहमति के बिना डेटा जमा करती है, जो संघीय कानून का उल्लंघन है। हालांकि मेटा ने अपना बचाव किया है, लेकिन उसकी दलीलें कमजोर दिखाई दे रही हैं। सवाल है कि अगर मेटा के विविध मंचों पर बच्चों की उपस्थिति अप्रत्याशित तरीके से बढ़ रही थी, तो उसे सहज क्यों मान लिया गया और समय रहते जरूरी कदम क्यों नहीं उठाए गए। यों मेटा समय-समय पर अनुभव को सुरक्षित बनाने वाली सुविधाएं शुरू करने की बात कहती रही है, लेकिन सच यह है कि ये सुविधाएं कभी प्रभावी नहीं थीं। इस समय विविध मंचों पर जिस तरह की सामग्री परोसी जा रही है, उसे रोकने का किसी स्तर पर प्रयास नहीं दिखता। मेटा की मुश्किलें कम होती इसलिए नहीं दिख रही हैं, क्योंकि उसी के एक पूर्व अधिकारी ने गवाही दी है कि कंपनी ने अपने मंचों से कम उम्र के बच्चों को लेकर 'पूछो मत, बताओ मत' वाले रवैये को अपनाया और सुरक्षा की तुलना में मुनाफे को प्राथमिकता दी। अब मेटा जो भी सफाई दे, लेकिन यह सच है कि बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर इसका नकारात्मक असर पड़ा है। संघीय अदालत में चल रहा मुकदमा इसलिए भी अहम है कि इस पर पूरी दुनिया की नजर है। यह मुद्दा करोड़ों बच्चों के भविष्य से जुड़ा है।

# 9.70 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

## शासकीय पशु चिकित्सालय के पास घेराबंदी कर पकड़ा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। एमजी रोड थाना पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 9.70 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स जब्त की है।

एमजी रोड पुलिस की टीम रात्रि गश्त के दौरान संदिग्धों की तलाश में जुटी थी। इसी दौरान शासकीय पशु चिकित्सालय पत्थर गोदाम रोड के पास एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया, जो पुलिस टीम को देखकर घबराकर भागने का प्रयास करने लगा। टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 9.70 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स बरामद हुई।पकड़े गए आरोपी की पहचान शेख रफीक निवासी जूना रिसाला, थाना सदर बाजार के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि वह खुद भी एमडी ड्रग्स के नशे का आदी है। अपनी नशे की लत को पूरा करने और जल्दी व आसानी से पैसे कमाकर अमीर बनने की नीयत से वह ड्रग्स की तस्करी में संलिप्त हो गया। एमजी रोड थाना पुलिस ने आरोपी शेख रफीक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आरोपी से कड़ाई से पूछताछ कर रही है ताकि ड्रग्स के मुख्य स्रोत और उसके पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके।

# नगर सुरक्षा समिति के सदस्य पर हमला

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। हीरानगर थाना क्षेत्र में एचडीएफसी बैंक के सामने ड्यूटी पर तैनात नगर सुरक्षा समिति के एक सदस्य पर नशे में धुत तीन बाइक सवारों द्वारा विवाद कर हमला कर दिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए हाथ में पहने कड़े से फरियादी के सिर पर वार कर दिया और लात-घूंसों से मारपीट की। फरियादी की शिकायत पर हीरानगर थाना पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सिर पर कड़े से वार कर किया लहूलुहान, 3 पर केस**

पुलिस के अनुसार, श्याम नगर एनेक्स निवासी फरियादी गणेश पिता संतोष चौधरी ने हीरानगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि वह हीरानगर थाने का नगर सुरक्षा समिति का सदस्य है और उसकी ड्यूटी एचडीएफसी बैंक के सामने लगी थी। इसी दौरान एक बाइक तेजी से लहराते हुए आकर रुकी, जिस पर सवार युवक अत्यधिक नशे में लग रहे थे। जब फरियादी ने बाइक चालक से कहां जाने के संबंध में पूछा, तो आरोपी अभिराज पाठक गाली-गलौज करने लगा। जब फरियादी ने गालियां देने से मना किया, तो आरोपी अभिराज पाठक ने गाड़ी खड़ी की और अपने हाथ में पहने लोहे के कड़े से फरियादी के सिर पर दे मारा, जिससे उसे गंभीर चोट आई। विवाद होता देख ड्यूटी पर तैनात अन्य साथी हर्ष लश्करी, बंटी बचाव के लिए पहुंचे, जिससे मौके पर भीड़ जमा हो गई। इस दौरान बाइक पर पीछे बैठे उसके दो अन्य साथी आदित्य और प्रियांशु भी उतर आए और फरियादी के साथ लात-घूंसे से मारपीट करने लगे। हीरानगर थाना पुलिस ने फरियादी गणेश की रिपोर्ट पर आरोपियों अभिराज पाठक, प्रियांशु और आदित्य के खिलाफ केस दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अवैध जीफ्लिक्स एप पर क्राइम ब्रांच का शिकंजा

## जियो स्टार के कंटेंट की अवैध स्ट्रीमिंग पर केस दर्ज

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। जियो स्टार के प्रीमियम कंटेंट और लाइव टीवी चैनलों की अवैध स्ट्रीमिंग करने वाले जीफ्लिक्स एप के संचालकों के खिलाफ क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई की है। जियो स्टार की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर एप संचालकों की तलाश शुरू कर दी है।

**सिलिकॉन सिटी के पते पर रजिस्टर्ड है एप का डोमेन, 149 और 799 में बेच रहे थे अवैध प्रीमियम सदस्यता**

जीफ्लिक्स एप पर बिना किसी वैध लाइसेंस के 1000 से ज्यादा टीवी चैनल और 50 से अधिक स्पोर्ट्स चैनल अवैध रूप से दिखाए जा रहे थे। इतना ही नहीं, एप संचालक इस प्रीमियम कंटेंट को दिखाने के बदले उपभोक्ताओं से 149 और 799 रुपए के प्लान में प्रीमियम सदस्यता बेचकर अवैध रूप से आर्थिक लाभ कमा रहे थे।

### क्राइम ब्रांच ने खुद पेमेंट कर बेनकाब किया फर्जीवाड़ा

मामले की पुष्टि के लिए क्राइम ब्रांच की टीम ने खुद ऑनलाइन भुगतान कर एप की सदस्यता ली। भुगतान होते ही टीम को जियो स्टार के प्रीमियम और कॉपीराइट कंटेंट का एक्सेस मिल गया। इसके बाद जब एप के डोमेन और रजिस्ट्रेशन की जांच की गई, तो इसका पता सिलिकॉन सिटी, इंदौर का निकला और डोमेन शिवलाल नामक व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर्ड पाया गया। जांच के सिलसिले में क्राइम ब्रांच की टीम जब मौके पर पहुंची तो दिए गए पते पर कोई मौजूद नहीं मिला। इंदौर क्राइम ब्रांच ने जियो स्टार की आधिकारिक शिकायत पर धोखाधड़ी और कॉपीराइट एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब फर्जीवाड़े के मुख्य सूत्रधार शिवलाल और उसके साथियों की धरपकड़ के लिए दबिश दे रही है।

# सात्विकसाईराज और चिराग ने दर्ज की धमाकेदार जीत, अब मेडल से कुछ कदम दूर

नई दिल्ली। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर वर्ल्ड चैंपियनशिप में तीसरा पदक जीतने की ओर एक कदम बढ़ाया लेकिन पीवी सिंधु और आयुष शेट्टी के एकल मुकाबलों से बाहर होने के कारण गुरुवार को भारत को बड़ा झटका लगा। साल 2022 और 2025 में दो कांस्य पदक जीत चुके सात्विक और चिराग ने प्री क्वार्टर फाइनल में मलेशिया की दुनिया की 19वें नंबर की जोड़ी जुनैदी आरिफ और याप रॉय किंग को कड़े मुकाबले में 21-23, 21-19, 21-17 से हराया।

पहले दौर में बाई और दूसरे दौर में वॉकओवर मिलने के बाद यह टूर्नामेंट में उनका पहला मुकाबला था। हालांकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का विश्व चैंपियनशिप में रिकॉर्ड छठा पदक जीतने का सपना टूट गया जब उन्हें महिला एकल में चीन की दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी वांग झी यी के खिलाफ कड़े मुकाबले में 11-21, 21-15, 17-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। वांग ने दोनों पैरों में जकड़न की समस्या से जूझने के बावजूद क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

शुरुआती दौर में गत चैंपियन और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी चीन के शी यू कि को हराकर उलटफेर करने वाले 21 वर्षीय आयुष शेट्टी को दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी फरहान ने आसानी से 21-19, 21-11 से शिकस्त दी। यह 11वीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई खिलाड़ी के खिलाफ आठ मुकाबलों में शेट्टी की पांचवीं हार है। इस नतीजे के साथ भारत का पुरुष एकल अभियान समाप्त हो गया। लक्ष्य सेन बुधवार को ही प्रतियोगिता से बाहर हो गए थे।

इससे पहले त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने जापान की सातवीं वरीयता प्राप्त रिन इवानागा और की नाकानिशी को सीधे गेम में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारत की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एकतरफा मुकाबले में रिन और नाकानिशी की विश्व में सातवें नंबर की जोड़ी को 21-16 21-12 से हराया। साल 2015 में ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद पहली बार किसी भारतीय महिला युगल जोड़ी ने अंतिम आठ में जगह बनाई है।

# 11वीं के छात्र की मौत

इंदौर( सिटी ब्लास्ट )। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के आवासा इलाके में रहने वाले एक छात्र की मौत का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार बिजलपुर स्थित सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के 11वी कक्षा के छात्र धैर्य कश्यप की मौत हो गई। सोशल मीडिया पर स्कूल में मौत होने की भ्रामक जानकारी प्रसारित की गई, जबकि स्कूल से प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्र की मौत रात 3 बजे उसके घर पर हुई, छात्रा बीते कुछ साल से बीमार था।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 155000 | 159990 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 238900 | 245200 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# मि. म.प्र.बॉडी बिल्डिंग मेंस फिजिक चैंपियनशिप कल

इंदौर। म.प्र. बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में 22 अगस्त को मि. म.प्र.बॉडी बिल्डिंग एवं मेंन फिजिक चैंपियनशिप का आयोजन नेहरू स्टेडियम इंदौर में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में जूनियर 25 वर्ष तक, सीनियर, मास्टर, हैंडीकैप एवं बरमूडा, डेनिम जींस की जूनियर एवं सीनियर प्रतियोगिता की प्रतियोगिता होगी। इस प्रतियोगिता के बॉडीबिल्डिंग के वेट निम्नानुसार रहेंगे । प्रतियोगिता 55 किग्रा , 60किग्रा , 65किग्रा , 70किग्रा , 75किग्रा , 80किग्रा , 85किग्रा , 90 किग्रा में मेन फिजिक के अंदर 170 सेंटीमीटर 170 के ऊपर रहेगा। इस प्रतियोगिता में विजेताओं को आकर्षक ट्रॉफी, मेडल और सर्टिफिकेट दिए जाएंगे प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को नाश्ता और भोजन की व्यवस्था रहेगी। प्रतियोगिता सुबह 8 - 12 बजे तक वजन और हाइट होगा। 1बजे से प्रीजजिंग और शाम 5 बजे से फाइनल एवं पुरस्कार वितरण।

# उज्ज्वल सोलंकी बने भाजयुमो धार ग्रामीण जिलाध्यक्ष

**धार (नितिन राठौर)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के बहुप्रतीक्षित संगठनात्मक बदलाव के तहत उज्ज्वल सोलंकी को धार ग्रामीण का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, लंबे समय से चल रही खींचतान और वरिष्ठ नेताओं के मंथन के बाद आखिरकार ग्रामीण क्षेत्र की कमान सोलंकी को सौंप दी गई है,इस घोषणा के बाद जहां ग्रामीण कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर है, वहीं धार नगर (शहर) जिलाध्यक्ष पद को लेकर सस्पेंस अभी भी बरकरार है और वहां नाम तय करने में पेंच फंस गया है, वरिष्ठ नेताओं की आपसी खींचतान के चलते धार नगर भाजपा जिलाध्यक्ष की नियुक्ति फिलहाल होल्ड पर डाल दी गई है, वही नवनियुक्त जिलाध्यक्ष उज्ज्वल सोलंकी धार ग्रामीण जिले के अंतर्गत

## धार नगर भाजपा अध्यक्ष पद पर पेंच फंसा



धरमपुरी विधानसभा क्षेत्र से आते हैं और लंबे समय से युवा राजनीति में सक्रिय रहे है,पूर्व में संगठन के विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने जमीनी स्तर पर युवाओं को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है,पार्टी सूत्रों के अनुसार, सामाजिक नेतृत्व के तय फॉर्मूले और सांगठनिक सक्रियता के कड़े पैमानों पर खरा उतरने के बाद ही उनके नाम पर मुहर लगाई गई है,ग्रामीण क्षेत्र की घोषणा होने के बाद अब सभी की नजरें धार नगर (शहरी क्षेत्र) पर टिक गई हैं, धार नगर अध्यक्ष पद के लिए दावेदारों की लंबी फेहरिस्त और स्थानीय गुटीय समीकरणों के चलते संगठन अभी तक किसी एक नाम पर आम सहमति नहीं बना सका है, वरिष्ठ नेताओं की पसंद और आपसी खींचतान के कारण नगर अध्यक्ष की घोषणा को फिलहाल टाल दिया गया है, उज्ज्वल सोलंकी की नियुक्ति की खबर मिलते ही धार ग्रामीण क्षेत्र के भाजपा और भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है, स्थानीय नेताओं और वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सोलंकी को बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी...

# दुकान पर मंदी, ऑनलाइन बाजार की तेजी आखिर व्यापारी कब तक सहेगा?

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भारत का बाजार तेजी से बदल रहा है। मोबाइल पर सामान देखना, घर बैठे खरीदारी करना और कुछ ही समय में सामान घर पहुंच जाना अब आम बात हो गई है। ऑनलाइन कारोबार ने ग्राहकों के लिए सुविधा बढ़ाई है, लेकिन इसका असर परंपरागत छोटे और मझले दुकानदारों पर साफ दिखाई देने लगा है।

आज देश का फुटकर व्यापारी गहरी मंदी से जूझ रहा है। दुकान का किराया, बिजली का बिल, कर्मचारियों की तनख्वाह, माल की लागत और दूसरे खर्च लगातार बने हुए हैं, लेकिन ग्राहक पहले की तरह दुकान पर नहीं आ रहा। कई दुकानदारों के सामने सबसे बड़ा सवाल यही है कि दुकान का खर्च कैसे निकले और परिवार कैसे चले? ऑनलाइन कारोबार से मुकाबला करना छोटे दुकानदार के लिए आसान नहीं है। बड़ी ऑनलाइन कंपनियां बड़े स्तर पर कारोबार करती हैं। वे तरह-तरह की छूट देती हैं और सामान घर तक पहुंचाती हैं। इसके सामने मोहल्ले और बाजार की छोटी दुकान खड़ी है, जहां दुकानदार अपनी पूरी पूंजी लगाकर माल रखता है और ग्राहक का इंतजार करता है।

यहां सवाल ऑनलाइन कारोबार को बंद करने का नहीं है। समय के साथ व्यापार का तरीका बदलना जरूरी है। लेकिन सवाल यह जरूर है कि क्या छोटे दुकानदार को भी बदलते बाजार में आगे बढ़ने का मौका दिया जा रहा है? सरकार व्यापारियों को डिजिटल कारोबार से जोड़ने की बात करती है यह अच्छी पहल है, लेकिन केवल ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जोड़ देना ही समाधान नहीं है। छोटे व्यापारी को आसान कर्ज, कम खर्च में डिजिटल सुविधा, ऑनलाइन बिक्री की जानकारी और बड़ी कंपनियों के साथ बराबरी का मौका भी मिलना चाहिए। देश में छोटे और मझले दुकानदारों की संख्या बहुत बड़ी है। यही व्यापारी बाजार को रोज चलाता है। सुबह दुकान खोलने से लेकर रात दुकान बंद करने तक वह मेहनत करता है। वह सिर्फ अपना परिवार नहीं पालता, बल्कि कर्मचारी, माल सप्लायर और कई दूसरे लोगों के रोजगार से भी जुड़ा होता है। सबसे बड़ी बात यह है कि व्यापारी अपनी परेशानी को लेकर अक्सर सड़क पर आंदोलन नहीं करता। किसान अपनी मांग के लिए आंदोलन करता है, छात्र अपनी समस्या को लेकर आवाज उठाते हैं कर्मचारी अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करते हैं, लेकिन व्यापारी अक्सर नुकसान सहकर भी चुपचाप अपनी दुकान खोलता है और अगले दिन फिर कारोबार शुरू कर देता है।

**क्या उसकी चुप्पी को उसकी मजबूरी समझ लिया गया है?–** लोकसभा में 543 सांसद हैं। चुनाव के समय व्यापारी वर्ग हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। व्यापारियों का परिवार, उनका सामाजिक संपर्क और उनका बाजार से जुड़ा नेटवर्क चुनाव में भी बड़ी भूमिका निभाता है। लेकिन चुनाव के बाद यही व्यापारी जब मंदी, महंगाई और ऑनलाइन कारोबार की मार से परेशान होता है तो उसकी आवाज उतनी मजबूती से क्यों नहीं सुनी जाती?

व्यापारी सरकार को टैक्स देता है। बाजार को चलाता है, रोजगार देता है, देश की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान देता है। फिर जब उसका कारोबार कमजोर पड़ रहा है तो उसकी चिंता भी उतनी ही जरूरी होनी चाहिए। सरकार को छोटे और मझले व्यापारियों के लिए अलग से मजबूत योजना बनानी चाहिए। उन्हें आसान ब्याज पर पैसा मिले। कारोबार के नियम आसान हों। डिजिटल व्यापार में उन्हें भी जगह मिले। ऑनलाइन और दुकान वाले व्यापार के बीच स्वस्थ मुकाबला हो। स्थानीय बाजारों को बेहतर बनाया जाए और ग्राहकों को बाजार तक लाने के लिए सुविधाएं बढ़ाई जाएं। क्योंकि एक दुकान बंद होना केवल एक दुकानदार का नुकसान नहीं है। उसके साथ एक परिवार की आमदनी, कर्मचारियों की नौकरी और कई दूसरे लोगों का काम भी प्रभावित होता है। भारत डिजिटल जरूर बने, ऑनलाइन कारोबार भी बढ़े, लेकिन इसके साथ देश की पारंपरिक दुकानें भी बचनी चाहिए। आखिर यही छोटी दुकानें वर्षों से भारत के बाजार की पहचान रही हैं। व्यापारी को भीख नहीं चाहिए। उसे बराबरी का मौका चाहिए। वह सरकार से केवल इतना पूछ रहा है 'हमने हर मुश्किल समय में देश की अर्थव्यवस्था का साथ दिया। अब जब हम मुश्किल में हैं, तो सरकार हमारा साथ कब देगी?' मंदी की मार झेल रहा व्यापारी आखिर कब तक चुपचाप सहता रहेगा? वह सरकार से केवल इतना पूछ रहा है 'हमने हर मुश्किल समय में देश की अर्थव्यवस्था का साथ दिया। अब जब हम मुश्किल में हैं, तो सरकार हमारा साथ कब देगी?' मंदी की मार झेल रहा व्यापारी आखिर कब तक चुपचाप सहता रहेगा?

# सरस्वती विद्या मंदिर के 300 बच्चों ने निकाली कांवड़ यात्रा, नर्मदेश्वर महादेव को किया जल अर्पित



**खरगोन।** पवित्र सावन माह के पावन अवसर पर इन दिनों पूरा शहर शिव भक्ति में डूबा हुआ है। शहर में जगह-जगह कांवड़ यात्राएं निकल रही हैं, वहीं अबोध स्कूली बच्चों में भी महादेव के प्रति गहरी आस्था देखने को मिल रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों ने एक भव्य और प्रेरणादायक कांवड़ यात्रा निकाली।

**बीटीआई रोड से होते हुए नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पहुंची यात्रा–** गुरुवार सुबह स्कूल के नर्सरी से लेकर 12वीं कक्षा तक के करीब-करीब 300 स्कूली बच्चे पूरी श्रद्धा के साथ नंगे पांव हाथों में कांवड़ थामे नजर आए। यह यात्रा सरस्वती विद्या मंदिर से शुरू होकर बीटीआई रोड से होते हुए नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पहुंची, जहां सभी बच्चों ने भक्ति-भाव के साथ भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित कर दर्शन किए।

**गूंजे 'हर हर महादेव' के जयकारे–**यात्रा के दौरान बच्चे ढोल-ताशों की थाप और 'हर हर महादेव' के गगनभेदी जयकारों के साथ आगे बढ़ रहे थे। बच्चों के इस असीम उत्साह और शिव भक्ति को देखकर मार्ग में खड़े लोग अभिभूत हो गए। नन्हें कांवड़ियों की इस निष्ठा और अनुशासन ने शहरवासियों का मन मोह लिया, जिससे पूरा खरगोन शहर पूरी तरह शिवमय नजर आया।

# दूसरे टेस्ट में पिच में फेरबदल करने की तैयारी कर रहा लंकाई बोर्ड

## पहले टेस्ट में हार से डरी लंकाई टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम ने मेजबान श्रीलंका को पहले टेस्ट में आसानी से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली है। अब रविवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट पर हर किसी की नजर है। खासकर इस मैच में पिच कैसी रहेगी यह देखना दिलचस्प होगा। दूसरे टेस्ट के लिए सिन्हलीज स्पोर्ट्स क्लब (एसएससी) का विकेट गॉल की पिच जैसा हो सकता है जहां बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को बराबर मौके मिले थे।

### दूसरे टेस्ट में भी नहीं मिलेगी स्पिन वाली पिच?

पहला टेस्ट भारत ने पांचवें और अंतिम दिन 165 रन से जीता था। इस दौरान पिच पर प्राकृतिक टूट-फूट के अलावा ऐसी कोई विशेष परेशानी नहीं थी जिससे बल्लेबाजों के लिए मुश्किल पैदा हो। श्रीलंकाई अधिकारियों का मानना है कि 23 अगस्त से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए जरूरत से ज्यादा स्पिन की मददगार पिच तैयार करना उलटा पड़ सकता है।

### पिच को लेकर क्या बोले अधिकारी

श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के एक अधिकारी ने पीटीआई से कहा, फिलहाल सोच यही है कि गॉल जैसी संतुलित पिच तैयार की जाए। श्रीलंका के पास चांडी (दिनेश चांदीमल), कुसाल (मेंडिस) और (पथुम) निसांका जैसे कुछ अनुभवी खिलाड़ी भी नहीं हैं इसलिए हमें अपने युवा बल्लेबाजों को भी मौका देना होगा।

उन्होंने कहा, बेशक अंत में यह इस बात पर निर्भर करेगा कि टीम मैच के लिए क्या चाहती है, यानी ऐसा विकेट जो उसे जीतने और सीरीज बराबर करने का सबसे अच्छा मौका दे।

### श्रीलंका का था इस पिच पर दबदबा

साल 2000 के दशक में एसएससी की पिचों पर बल्लेबाजों का दबदबा रहता था और यह मैदान घरेलू टीम का एक तरह का गढ़ माना जाता था। श्रीलंका ने 1999 से 2009 के बीच इस मैदान पर 12 टेस्ट खेले, जिनमें से छह में जीत दर्ज की और बाकी छह मुकाबले ड्रॉ रहे।

रणनीति सरल थी। कुमार संगकारा और महेला जयवर्धने जैसे बल्लेबाज बड़ी पारियां खेलते थे जबकि महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन की अगुआई में सक्षम स्पिन आक्रमण विपक्षी टीम पर शिकंजा कसता था। लेकिन इन दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद पिच का मिजाज भी बदल गया।

# कोलंबो टेस्ट से पहले श्रीलंका की टीम में दो नए खिलाड़ियों का प्रवेश

**कोलंबो।** भारत के खिलाफ कोलंबो में 23 अगस्त से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से पहले श्रीलंका की टीम में दो खिलाड़ियों की एंट्री हुई है। अनुभवी बल्लेबाज कुसल मेंडिस और दिनेश चांदीमल चोट के कारण मुकाबले से बाहर हो गए हैं। वहीं, सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका के खेलने पर भी संशय बना हुआ है। इसी वजह से टीम में टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज कमिल मिशारा और ऑलराउंडर सहान अराच्चिगे को टीम में शामिल किया है। 23 अगस्त से कोलंबो में टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जाएगा।

दाएं हाथ के बल्लेबाज कमिल मिशारा के साथ ही सहान अराच्चिगे का टेस्ट डेब्यू अभी तक नहीं हुआ है। दोनों ने वनडे के साथ टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। कमिल ने 49 फर्स्ट क्लास मैचों में करीब 47 की औसत से 3521 रन बनाए हैं। इसमें 9 शतक भी शामिल हैं। वहीं 30 साल के सहान के नाम 85 फर्स्ट क्लास मैचों में 4365 रन के साथ 63 विकेट है। अराच्चिगे इंडिया ए के खिलाफ अनाधिकारिक टेस्ट सीरीज में श्रीलंका ए के कप्तान थे। उन्होंने दूसरे मैच में शतकीय पारी भी खेली थी।

गाले में खेले गए पहले टेस्ट में भारत ने श्रीलंका को 165 रन से हराया था। मैच के बाद श्रीलंका के हेड कोच गैरी कर्स्टन ने जानकारी दी थी कि कुसल मेंडिस हैमस्ट्रिंग की गंभीर चोट से जूझ रहे हैं और कुछ समय तक टीम से बाहर रहेंगे। मेंडिस को यह चोट लंका प्रीमियर लीग के दौरान लगी थी। उनकी जगह टीम में अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज निरोशन डिकवेला को शामिल किया गया था।

# अब नॉकआउट में हर मैच जीतना होगा



एम्स्टलवेन । भारत पुरुष हॉकी विश्व कप 2026 के दूसरे राउंड में पहुंच चुका है। टीम ने अपने पूल डी के आखिरी मैच में पाकिस्तान को 5-3 से हराया। इस जीत के साथ भारतीय टीम अपने पूल में दूसरे नंबर पर रहते हुए दूसरे राउंड में पहुंची। इस जीत से अब भारत पूल ई में पहुंच गया है। यहां टीम को दो मुकाबले खेलने हैं और सेमीफाइनल में जाने के लिए टॉप-2 टीमों में रहना होगा।

पूल ई में भारत के अलावा इंग्लैंड, नीदरलैंड और अर्जेंटीना की टीम है। इंग्लैंड के खिलाफ भारत को पहले राउंड में हार मिली थी। इस मैच का नतीजा दूसरे राउंड में कैरी फॉरवर्ड हुआ है। इसकी वजह से भारत को दूसरे राउंड में एक मैच में जीरो पॉइंट हैं जबकि इंग्लैंड के तीन पॉइंट। उसी तरह नीदरलैंड के तीन तो अर्जेंटीना के जीरो पॉइंट हैं।

पुरुषों के साथ ही महिला हॉकी विश्व कप भी खेली जा रही है। इसमें भी भारतीय टीम ने दूसरे राउंड में जगह बना ली है। भारत ने साउथ अफ्रीका को हराया जबकि इंग्लैंड और चीन को बराबरी पर रोक दिया। इसकी वजह से दूसरे राउंड में जगह मिली। ग्रुप ई में भारत के अलावा नीदरलैंड, चीन और ऑस्ट्रेलिया की टीमें हैं। 21 अगस्त को भारत का सामना नीदरलैंड तो 23 अगस्त को ऑस्ट्रेलिया से होगा।

# इंदौर के सारांश की दूसरे टेस्ट में डेब्यू की उम्मीद

नई दिल्ली। कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट मैच में भारतीय टीम मैनेजमेंट बड़ा फेरबदल कर सकता है । मध्य प्रदेश के 33 वर्षीय ऑलराउंडर सारांश जैन को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने का मौका मिल सकता है। सूत्रों के मुताबिक, सेलेक्टर और टीम मैनेजमेंट उन्हें कोलंबो टेस्ट की प्लेइंग 11 में शामिल करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।





यदि सारांश को प्लेइंग-11 में जगह मिलती है तो कुलदीप यादव को बाहर बैठना पड़ सकता है। गॉल में खेले गए पहले टेस्ट में भारतीय टीम ने भले ही 165 रनों से शानदार जीत दर्ज की हो, लेकिन घुमावदार पिच पर कुलदीप का प्रदर्शन बेहद साधारण रहा था। उन्होंने मैच में 103 रन देकर सिर्फ एक ही सफलता हासिल की थी जबकि इसी पिच पर साथी स्पिनर मानव सुथार ने 10 विकेट झटके और रविंद्र जडेजा ने चार शिकार किए। 31 मार्च 1993 को इंदौर में जन्मे सारांश जैन के लिए टीम इंडिया तक का सफर आसान नहीं रहा है। उनके पिता सुबोध जैन भी मध्य प्रदेश के पूर्व रणजी खिलाड़ी रह चुके हैं, जिनका सपना भारत के लिए खेलने का था। शुरुआत में सारांश के बड़े भाई पर ध्यान केंद्रित था, लेकिन करियर आगे न बढ़ने पर सारांश को आगे बढ़ाया गया। इंदौर के विजय क्लब में अभ्यास के दौरान ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर उनके पिता को कैंसर का पता चला जिसकी सर्जरी हुई। गंभीर स्थिति में भी उनके पिता ने एक पर्ची पर लिखकर सारांश से केवल क्रिकेट पर ध्यान लगाने को कहा था जिसे सारांश आज भी अपने साथ रखते हैं।

घरेलू क्रिकेट में लगातार दमदार प्रदर्शन के बल पर ही सारांश ने टीम इंडिया का दरवाजा खटखटाया है। मध्य प्रदेश को 2021-22 में पहला रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाने में उनकी अहम भूमिका रही जहां उन्होंने नॉकआउट मैचों में 13 विकेट लिए और फाइनल में मुंबई के खिलाफ 57 रनों की जुझारू पारी खेली। इसके बाद 2022-23 सत्र में 35 विकेट और 360 रन बनाकर उन्होंने लाला अमरनाथ सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर का पुरस्कार जीता।




# देशभर से आए खिलाड़ियों ने दिखाया अपना खेल

## प्रतिष्ठित ऑल इंडिया आईपीएससी वॉलीबॉल स्पर्धा का समापन

इंदौर। ऑल इंडिया आइपीएससी वॉलीबॉल स्पर्धा के विभिन्न वर्गों में मेंजबान एमरल्ड हाइट्स स्कूल की खिलाड़ियों ने मध्य प्रदेश का मान बढ़ाते हुए पदक जीते। इस स्पर्धा में देशभर के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

स्पर्धा में प्रदर्शन के आधार पर अंडर-14 आयु वर्ग में हीर राणा (प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट), ख्याति चतुर्वेदी (बेस्ट अटैकर), परी (बेस्ट सेटर), तंजिल (बेस्ट लिब्रो) चुनी गईं। अंडर-17 वर्ग में अपूर्वा (प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट), शगुन (बेस्ट अटैकर), पलक प्रताप (बेस्ट सेटर), जसप्रीत कौर झांज (बेस्ट लिब्रो) बनीं। अंडर-19 वर्ग में हिमांशी (प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट), शरण्या (बेस्ट अटैकर), साक्षी (बेस्ट सेटर), अनम अली (बेस्ट लिब्रो) चुनी गईं। पुरस्कार वितरण स्कूल की प्रेसिडेंट हर्षिता सिंह, टूर्नामेंट के पर्यवेक्षक रमेश बाबू विद्यार्थी तथा खेल अधिकारी अकरम खान के आतिथ्य में हुआ।

# जो रूट के नाम टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा अर्धशतक सचिन की बराबरी की

नई दिल्ली। इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट ने पाकिस्तान के खिलाफ हेडिंग्ले में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन इतिहास रच दिया है। बेन स्टोक्स के संन्यास के बाद दोबारा टीम की कमान संभाल रहे रूट वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में बतौर कप्तान 3000 रन पूरे करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इसके अलावा रूट ने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के एक रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली है।



इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने पाकिस्तान के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट में अर्धशतक जड़कर क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर के एक और महा-कीर्तिमान की बराबरी कर ली है। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने का सर्वकालिक वर्ल्ड रिकॉर्ड अब संयुक्त रूप से सचिन तेंदुलकर और जो रूट (68 अर्धशतक) के नाम दर्ज हो गया है। रूट की इस उपलब्धि की सबसे खास बात यह रही कि जहां सचिन तेंदुलकर ने अपने 200 टेस्ट मैचों के करियर में 68 अर्धशतक बनाए थे, वहीं जो रूट ने सचिन से 33 टेस्ट मैच कम खेलते हुए महज 167वें टेस्ट में ही इस ऐतिहासिक आंकड़े को छू लिया है।

लीड्स टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म होने तक 37 रन बनाकर नाबाद रहे रूट को इस उपलब्धि तक पहुंचने के लिए महज 5 रनों की दरकार थी। दूसरे दिन लंच के बाद के सत्र में उन्होंने संयमित बल्लेबाजी करते हुए जरूरी रन जुटाए और कप्तानी के रूप में अपना नाम सर्वकालिक रिकॉर्ड बुक में दर्ज करा दिया। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में उन्होंने बाकी सभी दिग्गजों को काफी पीछे छोड़ दिया है।

## अन्वेषा, तंद्रा और जीनिशा ने जीत के साथ स्थिति मजबूत की



इंदौर। मेजबान एमरल्ड हाइट्स स्कूल की अन्वेषा छजलानी, हैदराबाद पब्लिक स्कूल की तंद्रा सितारा राव और जोधपुर के राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल की जीनिशा मलानी ने ऑल इंडिया आइपीएससी बालिका शतरंज स्पर्धा के छठवें दौर में जीत के साथ अपनी स्थिति मजबूत की। राष्ट्रीय स्तर की इस स्पर्धा में देश के विभिन्न राज्यों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। अंडर-14 बालिका वर्ग के छठे राउंड में एमरल्ड हाइट्स स्कूल की अन्वेषा छजलानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देहरादून के वेलहम गर्ल्स स्कूल की सान्वी मारू को 1-0 से हराया। हैदराबाद पब्लिक स्कूल की तंद्रा सितारा राव ने दिल्ली के मॉडर्न स्कूल की आद्या कपूर को 1-0 से मात दी। जोधपुर के राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल की जीनिशा मलानी ने जयपुर के महारानी गायत्री देवी गर्ल्स स्कूल की आध्या गुप्ता को 1-0 से हराया। देहरादून के वेलहम गर्ल्स स्कूल की अंतरा ग्रोवर ने देहरादून की ही मिराया गुप्ता को 1-0 से पराजित किया।

## ताइक्वांडो प्रतियोगिता आज से

इंदौर। राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का शुभारंभ आज दोपहर 2:00 बजे किया जाएगा। इसमें मध्य प्रदेश के 300 बालक- बालिकाएं खिलाड़ी भाग लेंगे । यह प्रतियोगिता भारत स्काउट हॉल जेल रोड इंदौर में की जाएगी। प्रतियोगिता का शुभारम्भ आयुक्त अजय खेमरिया एवं विधानसभा तीन के विधायक गोलू शुक्ला एवं पार्षद गजानन गावड़े एवं भूपेंद्र अडसुइया एवं विश्वामित्र अवॉर्डी वीरेंद्र पवार की उपस्थिति में किया जाएगा।

# सात्विक, राजवीर व दर्श का उम्दा प्रदर्शन

इंदौर। सी.बी.एस.ई. पश्चिमी क्षेत्र शतरंज प्रतियोगिता 16 से 19 अगस्त तक श्री संदीपनी इंटरनेशनल स्कूल सांवेर उज्जैन में आयोजित की गई जिसमें द शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल झलारिया इंदौर के अंडर 11 बालक टीम के खिलाड़ी ए बोर्ड पर सात्विक जैन 6 में से 4 अंक, बी बोर्ड पर 6 वर्ष के कक्षा पहली के राजवीर सारडा 6 में से 4 अंक एवं सी बोर्ड पर अयांश जैसवाल 6 में से 2.5 अंक और डी बोर्ड पर टीम के कप्तान दर्श बेताला के महत्वपूर्ण 6 में से 6 अंको के साथ और सभी खिलाड़ियों के शानदार एवं बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत रजत पदक हासिल कर द शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल झलारिया इंदौर को गौरवान्वित किया है। ला.ब्लॉसम्स स्कूल, जालंधर, पंजाब में 16 से 20 अक्टूबर को सी.बी.एस.ई. राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी जिसमें शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल झलारिया इंदौर टीम के कप्तान दर्श बेताला के नेतृत्व में अंडर 11 बालक टीम प्रतिनिधित्व करेगी। द शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल झलारिया इंदौर प्रचार्य डॉ. ललिता सिंह व स्कूल संचालक धीरेंद्र दवे व खेल संचालक मनोज दवे व खेल अधिकारी मनप्रीत सिंह व खेल प्रशिक्षक संजय कुशवाह ने इनकी इस उपलब्धि पर स्कूल परिवार द्वारा बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



# वृद्ध चौकीदार को बुलेट ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** पलासिया थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 70 वर्षीय वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक एक डॉक्टर के क्लिनिक पर चौकीदारी का काम करते थे और काम पर जाते समय तेज रफ्तार बुलेट सवार ने उन्हें टक्कर मार दी ।

पलासिया क्षेत्र के संविद नगर के रहने वाले किशनराव पिता नारायण (70) पास ही स्थित एक डॉक्टर के क्लिनिक पर चौकीदारी का काम करते थे।



रोजाना की तरह वे अपने काम पर जाने के लिए निकले थे, तभी रास्ते में एक तेज रफ्तार बुलेट मोटरसाइकिल सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से किशनराव सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद उन्हें तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पलासिया थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

## घर में घुसकर युवती से मारपीट बदमाशों ने ईंट व लकड़ी के पटिये से कार में की तोड़फोड़

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** एरोड्रम थाना क्षेत्र के शुभम पैलेस में दो बदमाशों द्वारा एक युवती के घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट और बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर एरोड्रम थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, शुभम पैलेस निवासी फरियादी खुशी सेन पिता साहेब सेन ने एरोड्रम थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी मोहित नामदेव निवासी रुकमणी नगर और करण बारिया निवासी नंदबाग कॉलोनी उनके घर पहुंचे। घर में आते ही आरोपी मोहित गालियां देने लगा। जब फरियादी ने गालियां देने से मना किया, तो मोहित ने उनके साथ हाथ-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद दोनों आरोपियों ने घर के बाहर खड़ी फरियादी की इको कार क्रमांक एमपी-09 जेडबल्यू-5952 पर ईंट और लकड़ी के पटिये से हमला कर दिया। बदमाशों ने कार के कांच और बॉडी को तोड़कर भारी नुकसान पहुंचाया। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग निकले।

## सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी,जेवरात और नकदी समेट ले गए चोर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** कनाड़िया थाना क्षेत्र के कैलिफोर्निया सिटी एक्सटेंशन में अज्ञात बदमाशों द्वारा एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए चोरों ने मकान का ताला तोड़कर अंदर रखी अलमारी से सोने-चांदी के कीमती जेवरात और 15 हजार रुपये नकदी पर हाथ साफ कर दिया। मकान मालिक की शिकायत पर कनाड़िया थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, कैलिफोर्निया सिटी एक्सटेंशन निवासी फरियादी राजेश पिता रतनलाल डोडिया ने कनाड़िया थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर अवैध रूप से प्रवेश किया और अलमारी में रखे 2 सोने के पेंडल, 1 मंगलसूत्र, 1 जोड़ी झुमकी, 1 चांदी का कमर का छल्ला, 1 चांदी की चेन, 3 जोड़ी बिछिया, 3 जोड़ी पायल, 1 चांदी का सिक्का और लगभग 15 हजार रुपये नगद चुराकर फरार हो गए।

## कार सही चलाने की नसीहत देने पर कपड़ा कारोबारी को मारा चाकू, गंभीर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के नंदानगर में बेखौफ बदमाशों द्वारा एक कपड़ा कारोबारी पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। कार सवार युवकों को सही तरीके से गाड़ी चलाने की नसीहत देने पर बदमाशों ने कारोबारी पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल कारोबारी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नंदानगर निवासी भारत पिता मनोज (32) पेशे से कपड़ा कारोबारी हैं, देर रात अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। जब वे अपने घर के समीप पहुंचे, तभी रास्ते में एक तेज और लापरवाही से आ रही कार से उनका सामना हुआ। भारत ने जब कार चालक को ठीक से गाड़ी चलाने की नसीहत दी, तो कार सवार बदमाश आपा खो बैठे और बहस करने लगे। विवाद बढ़ने पर कार में सवार बदमाशों ने अचानक धारदार चाकू निकालकर भारत पर जानलेवा हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी कार लेकर मौके से फरार हो गए। चाकू लगने से गंभीर रूप से घायल भारत को स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# रिकवरी के नाम पर ऑफिस में घुसकर गुंडागर्दी

## युवती, पिता और भाई से मारपीट, कंप्यूटर-सामान तोड़ा, 4 पर केस दर्ज

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** आजाद नगर थाना क्षेत्र के पालदा नाका स्थित एक ऑफिस में पिरामल फाइनेंस के कर्मचारियों द्वारा लोन रिकवरी के नाम पर जमकर गुंडागर्दी करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने किस्त चुकाने की बात को लेकर युवती, उसके पिता और भाई के साथ लात-घूसों से मारपीट की और ऑफिस के गेट व कंप्यूटर में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने 4 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, पवनपुरी निवासी फरियादी संस्कृति पिता शिव पाटिल ने आजाद नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी प्रणय, आयुष निवासी देवास रोड, राजकुमार ब्रिज, सुनील निवासी रानी बाग, खंडवा रोड और शशिकांत निवासी यशवंत निवास रोड उनके पालदा नाका स्थित ऑफिस पहुंचे।आरोपियों ने कहा कि वे पिरामल फाइनेंस बैंक से उनकी कार क्रमांक एम-09 जेडएक्स-7514 के लोन वसूली के लिए आए हैं और 2 किश्तें बाउंस होने का हवाला देकर अवैध रूप से रुपयों की मांग करने लगे। जब फरियादी ने आरोपियों से कहा कि वे कार बेचकर लोन फोरक्लोज कर रही हैं, तो आरोपी भड़क गए। आरोपियों ने फरियादी, उनके पिता शिव पाटिल और भाई यशवंत को गालियां देना शुरू कर दिया। इसके बाद आरोपी जबरन ऑफिस में दोबारा घुस गए और पिता-भाई के साथ लात-घूंसों से मारपीट की। आरोपियों ने ऑफिस के गेट, कंप्यूटर और अन्य सामान में तोड़फोड़ कर भारी नुकसान पहुंचाया।

## आईआईटी के दो छात्रों से लाखों रुपये की साइबर ठगी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** सिमरोल थाना क्षेत्र में आईआईटी कैंपस के दो छात्र-छात्राओं के साथ साइबर ठगी के बड़े मामले सामने आए हैं। जालसाजों ने कस्टम अधिकारी बनकर कानूनी कार्रवाई का डर दिखाकर छात्रा से 2.82 लाख रुपये और ई-कॉमर्स वॉलेट का झांसा देकर एक अन्य छात्र से 30 हजार रुपये ऐंठ लिए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**कस्टम अफसर और ई-वॉलेट के नाम पर बनाया शिकार**

पुलिस के अनुसार मूल रूप से जिला बौद्ध ओडिशा की रहने वाली और सिमरोल आईआईटी कैंपस निवासी छात्रा संगीता बीसी के पास अनजान नंबर से कॉल आया। जालसाजों ने पहले व्हाट्सएप पर एक संदिग्ध लिंक भेजी और फिर खुद को कस्टम विभाग का अधिकारी बताया। आरोपी ने डराया कि उनके नाम से एक इंटरनेशनल पार्सल आया है, जिसे छुड़ाने के लिए कस्टम ड्यूटी भरनी होगी। केस दर्ज होने और भारी पेनल्टी के डर से घबराई छात्रा ने ठगों के बताए खातों में 2 लाख 82 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

ठगी की दूसरी वारदात भी आईआईटी के छात्र बुद्धदेव पिता जगबंधु घोष के साथ भी हुई। पुलिस के अनुसार, बदमाशों ने बुद्धदेव को ई-कॉमर्स कंपनी का वॉलेट खरीदने का झांसा देकर एक लिंक भेजी। जैसे ही छात्र ने लिंक पर क्लिक कर प्रक्रिया पूरी की, उनके बैंक खाते से 30 हजार रुपये उड़ गए। सिमरोल थाना पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर लिया है।



# डम्पर ने मारी कार को टक्कर

**सड़क किनारे खड़ी थी कार, सड़क निर्माण में लगा था डम्पर**

**इंदौर।** गौतमपुरा थाना क्षेत्र के गौतमपुरा में सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। इस दौरान एक कार सड़क किनारे खड़ी थी, जिसे सड़क निर्माण कार्य में लगे डम्पर ने टक्कर मार दी। बताया गया कि घटना डम्पर के रिवर्स लेने के दौरान घटी। लोगों ने डम्पर चालक के खिलाफ शिकायत की और कहा कि पुलिस गौतमपुरा उसकी मेडिकल जांच कराए।

# 20 रुपये के फटे नोट को लेकर विवाद

## ग्राहक ने दुकानदार को पत्थर मार किया लहूलुहान, सामान भी फेंका

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के ग्राम असरावद खुर्द में एक किराना दुकानदार पर फटे नोट को लेकर ग्राहक द्वारा हमला करने का मामला सामने आया है। नोट बदलने की बात पर आरोपी ने दुकानदार को गालियां दीं, दुकान का सामान फेंक दिया और फर्सी के टुकड़े से हमला कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ग्राम असरावद खुर्द निवासी फरियादी ओंकार पिता भोलाराम ने तेजाजी नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि गांव का ही रहने वाला आरोपी राज रावत उनकी किराना दुकान पर सामान खरीदने आया था। सामान लेने के बाद आरोपी ने 20 रुपये का नोट दिया, जो फटा हुआ था। जब फरियादी ने कहा कि नोट फटा है, तो आरोपी बहस करने लगा कि यह नोट कल उन्होंने ही दिया था।जब फरियादी ने इस बात से इनकार किया और गालियां देने से मना किया, तो आरोपी उग्र हो गया और दुकान में रखा सामान इधर-उधर फेंककर नुकसान पहुंचाने लगा। दुकानदार की कॉलर पकड़ ली और पास ही पड़ी फर्सी का टुकड़ा उठाकर दे मारा, जिससे ओंकार को गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। तेजाजी नगर थाना पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी राज रावत के खिलाफ केस दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।